राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 296
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 19 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट

पेज 3 यूपी पर्यटन विभाग ने बेड एंड ब्रेकफास्ट व होमस्टे नीति-2025 के

पेज 4 नगर पंचायत अध्यक्ष पति और किसान यूनियन कार्यकर्ताओं में

पेज 6 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचना है लक्ष्य : मीराबाई चानू

# राहुल के प्रजेंटेशन में वोटर्स डिलीट कराने का दावा

## जिनके नाम कटे, उन्हें स्टेज पर बुलाया; ईसी बोला- आरोप झूठे, नाम ऑनलाइन डिलीट नहीं होते




**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को 'वोट चोरी' पर दूसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इससे पहले उन्होंने 7 अगस्त को मीडिया से बात की थी। राहुल ने 31 मिनट के प्रजेंटेशन में वोट चोरी के आरोप लगाए और सबूत दिखाने का दावा किया। उन्होंने कहा- चुनाव आयोग जानबूझकर कांग्रेस के वोटों को निशाना बना रहा है और उनके नाम डिलीट कर रहा है।

राहुल इस बार अपने साथ कर्नाटक के ऐसे वोटर्स को भी लेकर आए, जिनके नाम वोटर्स लिस्ट से डिलीट किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने फिर कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और यूपी में यही हो रहा है।

### चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को गलत और निराधार बताया

कहा- कोई भी आम नागरिक ऑनलाइन किसी का भी वोट डिलीट नहीं कर सकता। किसी का वोट डिलीट करने से पहले संबंधित व्यक्ति को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है।

### मोबाइल नंबर्स का इस्तेमाल वोटर्स को हटाने के लिए किया गया

राहुल ने दावा किया कि आलंद में जिन वोटर्स के नाम डिलीट किए गए उनको हटाने के लिए दूसरे राज्यों में ऑपरेट हो रहे मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया। राहुल ने प्रजेंटेशन में उनके नंबर भी बताए। गोदावाई के 12 पड़ोसी के नाम भी हैं, जिन्हें इन मोबाइल नंबर्स से डिलीट किया गया।

### चुनाव आयोग के जवाब पर राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा-

देश की जेन जी , देश के युवा और छात्र संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। जय हिंद! राहुल ने कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा 2023 के चुनाव में किसी ने 6,018 वोट डिलीट करने की कोशिश की। इसकी संख्या ज्यादा भी हो सकती है। हमें नहीं पता कि कुल कितने वोट डिलीट किए गए। इन्हें डिलीट करते समय गलती से मामला पकड़ में आ गया।

### गोदाबाई के लॉगिन का इस्तेमाल कर 12 लोगों का नाम हटाने का आरोप




प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान 63 साल की गोदाबाई का वीडियो दिखाया गया। इसमें उन्होंने कहा- मेरा वोट डिलीट किया गया। मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। गोदाबाई के नाम से फेक लॉगिन बनाया गया। 12 वोटर्स के नाम डिलीट किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्राम में छात्रा का गैंगरेप कर चलती कार से फेंका

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में 2 युवकों ने कोचिंग सेंटर जा रही 17 साल की नाबालिग छात्रा को दिनदहाड़े किडनैप कर लिया। इसके बाद वह उसे काले रंग की कार में अरावली पहाड़ियों की तरफ ले गए। फिर नशा खिलाकर अर्धबेहोशी की हालत में उसका गैंगरेप किया। इसके बाद आरोपी चलती कार से उसे नीचे फेंककर फरार हो गए। आरोपियों ने पहले छात्र से इंस्टाग्राम पर फ्रेंडशिप की थी। छात्रा जब घर आकर रोने लगी तो परिवार को पूरी वारदात का पता चला। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को इस बारे में शिकायत की। पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### खड़े ट्रक से टकराई बोलेरो, तीन की मौत

नई दिल्ली। नेशनल हाइवे 39 में गुरुवार की शाम भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो टेंट सामान लोड खड़े ट्रक में टकरा गई। हादसे में तीन लोग की दर्दनाक मौत हो गई तो वही तीन गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे की है। बोलेरो वाहन जेठूला गांव निवासी जगदीश जायसवाल के नाम से रजिस्टर्ड है। मौके पर संतोष कोली पुलिस अधीक्षक, प्रिया पाठक एसडीएम, राजेश पांडे थाना प्रभारी समेत तमाम अमला मौजूद रहा।

# हिंडनबर्ग केस- अडाणी को सेबी की क्लीनचिट

## अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप थे, मार्केट वैल्यू 1 लाख करोड़ कम हो गई थी

**मुंबई।** सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने गुरुवार,18 सितंबर को हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को खारिज करते हुए अडाणी ग्रुप को क्लीनचिट दे दी है। अमेरिकी शॉर्ट-सेलर कंपनी ने गौतम अडाणी और उनकी कंपनियों (जैसे- अडाणी पोर्ट्स और अडाणी पावर) पर शेयर बाजार में हेरफेर के आरोप लगाए थे।

24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर



शेयर मैनिपुलेशन जैसे कई आरोप लगाए गए थे। इससे 25 जनवरी तक ग्रुप के शेयरों की मार्केट वैल्यू करीब 12 बिलियन डॉलर (1 लाख करोड़ रुपए) कम हो गई थी।

### गौतम अडाणी बोले- झूठी कहानी फैलाने वाले देश से माफी मांगे

हमें उन निवेशकों के नुकसान का बहुत दुख है, जिन्होंने इस फर्जी और दुर्भावनापूर्ण रिपोर्ट की वजह से पैसा गंवाया। जिन लोगों ने झूठी कहानियां फैलाईं, उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। भारत के संस्थानों, भारत के लोगों और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटल है। सत्यमेव जयते! जय हिंद!

### मॉडल सुसाइड केस में लिव-इन पार्टनर गुजरात से अरेस्ट

**सूरत।** गुजरात के सूरत में मॉडल सुखप्रीत कौर सुसाइड मामले में पुलिस ने उसके लिव-इन पार्टनर को अरेस्ट किया है। मध्यप्रदेश के शिवपुरी की रहने वाली सुखप्रीत कौर (19) ने 2 मई को अपने कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। सुखप्रीत कौर एक साल पहले मॉडलिंग के लिए सूरत आई थी। शुरुआत में वह डिंडोली में रहने वाले महेंद्र राजपूत के साथ लिव-इन में रहती थी। महेंद्र से ब्रेकअप के बाद सूरत के कुंभारिया स्थित सारथी रेजीडेंसी में अपनी फ्रेंड्स के साथ रहने लगी थी।

# उत्तराखंड के चमोली में बादल फटा, 14 लोग लापता

## मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स फंसे, हिमाचल में 419 मौतें

**नई दिल्ली/भोपाल/देहरादून।** उत्तराखंड में दो दिन में दूसरी बार बादल फटा है। 17 सितंबर की रात चमोली जिले के नंदानगर घाट में बादल फटा। यहां कुंटरी लंगाफली वार्ड में छह घर मलबे में दब गए। 14 लोग लापता हैं और 20 लोग घायल हैं। अब तक 2 लोग रेस्क्यू किए गए।

इससे पहले 16 सितंबर को देहरादून में बादल फटा था। देहरादून से मसूरी का 35 किलोमीटर का रास्ता कई जगह क्षतिग्रस्त है। इसके कारण मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स लगातार तीसरे दिन फंसे हुए हैं।

हिमाचल में इस सीजन बारिश, बाढ़, लैंडस्लाइड और अचानक आई बाढ़ से अब तक 419 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने दोनों ही राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को अगले 48 घंटे हाई अलर्ट पर रखा है।



देश में इस साल 24 मई को दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल पहुंचा था। देश में अब तक (17 सितंबर) सामान्य से 8 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है।

3 राज्यों राजस्थान (पश्चिम), पंजाब और हरियाणा से मानसून की विदाई शुरू भी हो चुकी है, लेकिन इसके जाते-जाते भी देश के 7 राज्यों में तेज बारिश की संभवना है।

मौसम विभाग और ग्लोबल फोरकास्ट सिस्टम के मुताबिक, सितंबर के आखिरी कुछ दिन और अक्टूबर की शुरुआत तक एक बड़े कम दबाव के क्षेत्र के साथ जबरदस्त बारिश के आसार हैं।

25-26 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में बड़ा मानसूनी सिस्टम लो प्रेशर एरिया बन रहा है। इससे पूर्वी-पश्चिमी मध्य प्रदेश के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, छग, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 2-3 दिन तेज बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में 3 इंच तक पानी गिर सकता है।

### नया ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 1 अक्टूबर से लागू

**नई दिल्ली।** आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बताया कि ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 1 अक्टूबर से लागू होगा। कानून को बनाने से पहले सरकार ने गेमिंग कंपनियों, बैंकों और अन्य हिस्सेदारों से कई बार चर्चा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, सरकार पूरी तरह से बातचीत और सलाह लेने के लिए तैयार है। नियम लागू होने से पहले भी गेमिंग इंडस्ट्री के साथ एक और बैठक की जाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो नियम लागू करने के लिए और समय भी दिया जा सकता है। दरअसल, प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 देश में रियल मनी गेमिंग पर पूरी तरह से बैन लगाएगा। इसे 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। अब ये कानून बन गया है। इससे पहले राज्यसभा में 21 अगस्त को और लोकसभा में 20 अगस्त को बिल पास हो गया था।

### छात्रों की कार कंटेनर ने टकराई; 2 की मौत

**नई दिल्ली।** मुंबई-बेंगलुरु हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है, यहां, सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के चार छात्र लोनावला से वापस लौट रहे थे तभी उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। जिसमें दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, छात्र आज सुबह मारुति स्विफ्ट कार से लोनावला से लौट रहे थे। सुबह लगभग 5.45 बजे, कार पुणे के ईदगाह मैदान के पास एक खड़े कंटेनर ट्रक से टकरा गई। इस टक्कर में दो छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दिव्य राज सिंह राठौड़ और सिद्धांत आनंद शेखर की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य हर्ष मिश्रा और निहार तंबोली को मामूली चोटें आईं। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए चारों छात्र बीबीए की पढ़ाई कर रहे थे।



## हैप्पी मॉर्निंग

जीजा (साली से)- एक गिलास पानी पिला दो
साली- आपको प्यास लगी है क्या? जीजा- हां
साली- बहुत ज्यादा प्यास लगी है क्या? जीजा (गुस्से में)- नहीं गला चेक करना है, कि कही से लीक तो नहीं है......



## शायरी

ग़ुर्बत की तेज़ आग पे अक्सर पकाई भूक
ख़ुश-हालियों के शहर में क्या कुछ नहीं किया

# ललित मोदी का भाई दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

## महिला से रेप-ब्लैकमेलिंग का आरोप; वकील का दावा- पैसे ऐंठने के लिए झूठी एफआईआर दर्ज कराई

▸ गुरुवार को यूरोप की बिजनेस ट्रिप से लौटने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी के भाई और बिजनेसमैन समीर मोदी को गुरुवार शाम दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया।

समीर मोदी पर एक महिला ने साल 2019 से लगातार रेप,



ब्लैकमेलिंग और धोखा देने का आरोप लगाया है। महिला ने 10 सितंबर को दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद बिजनेसमैन के खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर जारी किया गया था। गुरुवार को यूरोप की बिजनेस ट्रिप से लौटने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। दिल्ली की एक अदालत ने समीर को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। इस बीच, समीर के वकील ने दावा किया कि बिजनेसमैन के खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। एडवोकेट सिमरन सिंह ने एक बयान में कहा- एफआईआर झूठी और मनगढ़ंत फैक्ट्स पर आधारित है। समीर मोदी से पैसे ऐंठने के लिए केस दर्ज कराया गया है।

# सीजेआई की सफाई- सभी धर्मों का सम्मान करता हूं

## खजुराहो की खंडित मूर्ति बदलने की याचिका पर कहा था- भगवान से खुद करने को कहो

नई दिल्ली। खजुराहो के वामन (जावरी) मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति बदलने को लेकर दी टिप्पणी पर चीफ जस्टिस बीआर गवई ने सफाई दी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मेरी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से दिखाया गया। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितंबर को राकेश दलाल की याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा था-



जाओ और भगवान से खुद करने को कहो।

तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो। बेंच में शामिल जस्टिस के विनोद चंद्रन ने सोशल मीडिया को एंटी-सोशल मीडिया कहा और बताया कि उन्हें भी ऑनलाइन गलत तरह से दिखाया गया है।

### सोशल मीडिया पर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है

गुरुवार को अदालत में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, मैं सीजेआई को 10 साल से जानता हूं। वे सभी धर्मस्थलों पर जाते हैं। आजकल सोशल मीडिया पर बातें बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई जाती हैं। मेहता ने कहा, न्यूटन का नियम है कि हर क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है, लेकिन अब सोशल मीडिया पर हर क्रिया की जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया हो जाती है। वहीं, सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने भी सहमति जताई और कहा कि सोशल मीडिया की वजह से वकीलों को रोज दिक्कत उठानी पड़ती है।

## अर्थसार



संसेक्स:
83,013.96
+320.25 (0.39%)
निफ्टी:
25,423.60
+93.35

## मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 6 : 10
सूर्यास्त शुक्रवार : 6 : 24

**चार्जशीट फाइल** — यस बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर भी आरोपी; 2,796 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

# अनिल अंबानी के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट फाइल की

**मुंबई।** यस बैंक के साथ फ्रॉड मामले में सीबीआई ने गुरुवार, 18 सितंबर को अनिल अंबानी और अन्य लोगों के खिलाफ दो अलग-अलग चार्जशीट दाखिल की है। इन पर आरोप है कि अंबानी की ग्रुप कंपनियों और यस बैंक के पूर्व CEO राणा कपूर के परिवार की कंपनियों के बीच कथित तौर पर फर्जी लेन-देन हुए, जिससे बैंक को 2,796 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

सीबीआई का कहना है कि राणा कपूर ने अपनी पोजिशन का गलत इस्तेमाल करके यस बैंक के फंड्स को अंबानी की फाइनेंशियली कमजोर कंपनियों- RCFL और RHFL में




डाला। बदले में, अंबानी की कंपनियों ने कपूर फैमिली की कंपनियों को कम ब्याज पर लोन और इन्वेस्टमेंट दिए। ये एक क्विड प्रो क्वो (लेन-देन का सौदा) था।

### 2022 में यस बैंक के चीफ विजिलेंस ऑफिसर ने शिकायत की थी

सीबीआई ने ये केस 2022 में यस बैंक के चीफ विजिलेंस ऑफिसर की शिकायत पर शुरू किया।

चार्जशीट प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और सीबीआई की धाराओं के तहत दाखिल की गई है, जो धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और पब्लिक प्रॉपर्टी के दुरुपयोग से जुड़ी हैं।

चार्जशीट में अनिल के अलावा, सीबीआई ने राणा कपूर, बिंदु कपूर, राधा कपूर, रोशनी कपूर, RCFL, RHFL, RAB एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, ब्लिस हाउस प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन हैबिटेट प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन रेजिडेंस प्राइवेट लिमिटेड और मॉर्गन क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और सीबीआई की धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की है।

### 24 जुलाई को ईडी ने 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी

इससे पहले 24 जुलाई को यस बैंक से लिए 3,000 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें करीब 50 कंपनियां शामिल थी और 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई।

# सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन आनंद मैरिज एक्ट के तहत हो

▸ सुप्रीम कोर्ट का यूपी-बिहार समेत 17 राज्यों को आदेश; 4 महीने का समय दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 17 राज्यों और 7 केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था 4 महीने में लागू करें। कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है और यह संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा, जब तक राज्य अपने नियम नहीं बनाते, तब तक सभी जगह आनंद कारज शादियों को मौजूदा विवाह कानूनों (जैसे स्पेशल मैरिज एक्ट) के तहत रजिस्टर्ड किया जाए। अगर दंपती चाहें तो विवाह प्रमाणपत्र में साफ लिखा जाए कि शादी आनंद कारज रीति से हुई है।

यह आदेश उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों पर लागू होगा जिन्होंने अब तक नियम नहीं बनाए हैं, जिनमें उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, यूपी, असम, बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल, गोवा, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, दमन-दीव, पुडुचेरी और अंडमान-निकोबार शामिल हैं।

# संपादकीय

## जब मुख्य न्यायाधीश को भी ट्रोल करने लगी ब्राह्मणवादी ट्रोल सेना



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### संगठित हमला : न्यायपालिका पर सीधा वार

सोशल मीडिया अब लोकतांत्रिक संवाद का मंच नहीं रहा, बल्कि भीड़तंत्र की अदालत बन गया है। इसकी ताज़ा मिसाल तब सामने आई जब स्वामी आनंद स्वरूप ने मुख्य न्यायाधीश गवई के ख़िलाफ़ यह ज़हरीली पोस्ट लिखी :
'अब ये अभियान तब तक चलते रहना चाहिए जब तक इस धर्मद्रोही गवई के ऊपर महाभियोग की कार्यवाही ना शुरू हो जाए।

#गवार#गवई#हिंदू#विरोधी'

यह सिर्फ़ असहमति नहीं, बल्कि न्यायपालिका की गरिमा पर एक सुनियोजित हमला है।

### प्रतिक्रियाएं : बंटा हुआ समाज

इस पोस्ट पर आई प्रतिक्रियाएँ आज के भारत का आईना हैं।
- अंधानुयायी गिरोह

#### प्रथ्वीराज चौहान लिखता है–

'कुछ नहीं हो पाएगा तुमसे, हिंदू तो है डरपोक' सरकार की गाँव में लठ दे दी होती।'

#### वहीं Fundamental Stocks नामक यूज़र कहता है–

"Ye CJI khud ko kya samajhta hai… Vishnu bhagwan ke baare aise kaise bola…"
- संविधान के पक्षधर स्वर :

#### अभिषेक वीरप्पन लिखते हैं–

'भक्तों को हर जगह धर्मद्रोह दिखता है क्योंकि संविधान की रोशनी उनकी अंधभक्ति पर सबसे ज़्यादा चुभती है।'

#### एडवोकेट राहुल यादव कहते हैं–

'गवई साहब ने बिना झिझक सच्चाई बोली। ऐसे जज इस देश के लिए बहुत ज़रूरी हैं।'

### ब्राह्मणवाद का चरम

जस्टिस गवई का दोष सिर्फ़ इतना है कि वे अंधविश्वास और धार्मिक ठेकेदारी पर चोट करते हैं। यही कारण है कि ब्राह्मणवादी ट्रोल सेना उनके ख़िलाफ़ संगठित अभियान चला रही है।

### यह नया नहीं है–

- बुद्ध को 'असुर' कहा गया।
- आंबेडकर को 'देशद्रोही' ठहराया गया।
- और आज गवई को 'हिंदू–विरोधी' कहा जा रहा है।

यह इतिहास का वही दोहराव है जिसमें सच बोलने वालों को गालियों और झूठ से दबाने की कोशिश होती है।

### लोकतंत्र बनाम भीड़तंत्र

लोकतंत्र का सार है असहमति को जगह देना। लेकिन आज माहौल ऐसा है कि जो सवाल पूछेगा, उसे 'धर्मद्रोही', 'गद्दार' और 'हिंदू–विरोधी' कहकर चुप कराने की कोशिश होगी।
यह प्रवृत्ति सिर्फ़ गवई साहब के ख़िलाफ़ नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र के ख़िलाफ़ है।

### निष्कर्ष

जब देश का मुख्य न्यायाधीश भी ट्रोल आंधी से सुरक्षित न रहे, तब मान लीजिए कि ब्राह्मणवाद अपने चरम पर पहुँच चुका है।
यह सवाल सिर्फ़ गवई का नहीं है—यह सवाल है संविधान और न्यायपालिका की स्वतंत्रता का।
अगर आज हम चुप रहे, तो कल हर सच्चा स्वर भीड़ की गालियों और ट्रोलिंग में दब जाएगा।

## शांति प्रयासों की असफलता

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।युद्धों की परिणति से विश्व में आर्थिक विषमताएं तथा असमानताएं बढ़ती जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं इतिहास गवाह है कि युद्ध से कभी किसी का विकास नहीं हुआ और यह भविष्य की आर्थिक परेशानियों का बड़ा सबब रहा है। रूस–यूक्रेन युद्ध लगातार तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है हजारों सैनिकों की आहुति चढ़ चुकी है ।ताजा ताजा यूक्रेन ने 60 ड्रोन से रूस पर सबसे बड़ा हमला कर दिया और रूस के पास अब गोला बारूद की कमी होने लगी है। दूसरी तरफ इसराइल हमास युद्ध में ताजा खबरों के अनुसार लेबनान ने इसराइल पर बडा हमला करके अमेरिका के युद्ध विराम के प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। युद्ध विराम के तमाम प्रयासों के बावजूद रूस यूक्रेन तथा इसराइल हमास युद्ध रोकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैंद्य परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगेद्य इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैद्य इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं ।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है।

# राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी खत्म नहीं हो पाया गहलोत बनाम पायलट का मामला

संतोष कुमार पाठक



राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा सचिन पायलट सहित सभी आरोपियों को क्लीन चिट दिए जाने के बाद अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट की लड़ाई का अंत हो जाएगा। वैसे भी अब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार नहीं है तो कुर्सी के लिए लड़ाई का कोई मतलब नहीं है।

वर्ष 2020 में राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी ही सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट पर भाजपा के साथ मिलकर सरकार गिराने और विधायकों की खरीद फरोख्त करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। मामला एसओजी और एसीबी तक पहुंचा। लेकिन उस समय के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दर्ज करवाए गए मामले में जांच करने के बाद एसीबी ने अदालत के सामने एफआर लगाते हुए यह कह दिया कि उन्हें कोई सबूत नहीं मिला है और यह पूरा मामला फर्जी है। जांच एजेंसी की रिपोर्ट के बाद राजस्थान हाई कोर्ट ने मामले को खारिज करते हुए सभी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है। यह माना जा रहा था कि राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा सचिन पायलट सहित सभी आरोपियों को क्लीन चिट दिए जाने के बाद अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट की लड़ाई का अंत हो जाएगा। वैसे भी अब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार नहीं है तो कुर्सी के लिए लड़ाई का कोई मतलब नहीं है। अदालत का फैसला आने के बाद सचिन पायलट ने सधे हुए अंदाज में संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, न्यायपालिका में सभी का भरोसा है। न्यायपालिका में कभी–कभी देरी हो जाती है, लेकिन उन्हें लगता है देश की न्याय पालिका सुदृढ है, मजबूत है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें नहीं लगता कि जब अदालत का निर्णय आ गया है, तो अब कुछ बचा है कहने को। न्यायपालिका में सबका भरोसा है।

अदालत द्वारा क्लीन चिट मिलने के बाद यह माना जा रहा था कि सचिन पायलट को जल्द ही कांग्रेस संगठन में नई और बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। खबरें तो यहां तक आ रही है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, दोनों नेताओं ने सचिन पायलट से उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय संगठन महासचिव बनाने का वादा कर रखा है। आपको बता दें कि, कांग्रेस संगठन में राष्ट्रीय संगठन महासचिव का पद राष्ट्रीय अध्यक्ष के बाद दूसरा सबसे ताकतवर पद माना जाता है। इसी पद को छोड़कर वर्ष 2018 में अशोक गहलोत राजस्थान का मुख्यमंत्री बनकर जयपुर चले गए थे और वर्तमान में इस पद पर केसी वेणुगोपाल बैठे हुए हैं।

लेकिन अदालत का फैसला आने के बाद अशोक गहलोत ने एक बार फिर से मोर्चा खोल दिया है। गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ( पहले ट्विटर ) पर लिखा, राजस्थान में 2020 में कांग्रेस सरकार गिराने की साज़िश करने वाले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एसीबी द्वारा एक मुकदमे में एफआर लगाने पर बड़ी–बड़ी बातें कह रहे हैं। वो यह बताएं कि यदि इतने ही ईमानदार हैं तो विधायकों से खरीद–फरोख्त की बात करने वाले ऑडियो की जांच के लिए आज तक वॉइस सैंपल क्यों नहीं दिया? संजय जैन वाले मुकदमे में वो बार–बार अदालत में वॉइस सैंपल देने का विरोध क्यों करते हैं? यदि वो ईमानदार हैं तो एक बार वॉइस सैंपल देकर अपनी ईमानदारी साबित करें। सरकार बदलने के बाद पहले संजीवनी केस और अब दूसरे मामलों में जांच एजेंसियों पर दबाव डालकर तथ्य तोड़े–मरोड़कर एफआर लगाई जा रही है जिससे कोर्ट के सामने कोई और चारा नहीं बचता है। जुलाई–अगस्त 2020 में सरकार गिराने के लिए 30 विधायकों के समर्थन वापसी के दावे, 20 विधायकों को मानेसर ले जाना, अमित शाह, धर्मेन्द्र प्रधान और जफर इस्लाम से मुलाकात, कांग्रेस नेताओं पर ईडी, आईटी और सीबीआई के छापे, विधायकों को रिश्वत के मामले, बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों के ऊपर अचानक मुकदमे समेत सभी यादें प्रदेशवासियों के मन में ताज़ा हैं। सांसद हनुमान बेनीवाल ने ही कुछ दिन पूर्व ही सरकार गिराने के संदर्भ में बयान दिया था कि उस समय वो भाजपा का सहयोग कर रहे थे ।तब महीनेभर पहले मध्य प्रदेश में जैसे सरकार गिराई गई थी वही प्रयास राजस्थान में हुए इसमें किसी को शक नहीं है। कांग्रेस आलाकमान और जनता के आशीर्वाद से वह प्रयास असफल हुआ था और हमारी सरकार 5 साल चली। इससे गजेन्द्र सिंह शेखावत समेत सभी लोग मन मसोस कर रह गए। इस प्रकार गजेन्द्र सिंह शेखावत चुनी हुई सरकार को गिराने के प्रयास के इस पाप से कभी मुक्त नहीं हो सकते।


अपने इस पोस्ट में अशोक गहलोत ने अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत और बीजेपी के अन्य नेताओं के नाम लेकर यह साबित करने की कोशिश की है कि वर्ष 2020 में उनकी सरकार गिराने की साजिश हुई थी और इस बात पर वो आज भी कायम है। इतना ही नहीं 20 विधायकों को मानेसर ले जाने की याद दिलाकर उन्होंने बिना नाम लिए एक बार फिर से सचिन पायलट पर निशाना साधा है क्योंकि यह सब जानते हैं कि अपने समर्थक विधायकों के साथ पायलट ही मानेसर गए थे। यानी अदालत के फैसले के बाद भी अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट की लड़ाई का अंत फिलहाल तो होता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

आपको याद दिला दें कि, वर्ष 2018 में राजस्थान में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद राहुल गांधी के करीबी सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनने के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन अशोक गहलोत ने सबको चौंकाते हुए सोनिया गांधी और उनके आसपास के बुजुर्ग नेताओं को साध लिया। पायलट को मजबूरी में अशोक गहलोत की सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार करना पड़ा। वर्ष 2020 में मध्य प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे बुजुर्ग नेताओं से परेशान राहुल गांधी के एक और करीबी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने समर्थक विधायकों के साथ पाला बदलकर कांग्रेस की सरकार गिरवा दी थी। जिसका जिक्र गहलोत ने भी अपनी पोस्ट में किया है।

राजस्थान में प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री होने के बावजूद लगातार उपेक्षा का दंश झेल रहे सचिन पायलट अपने समर्थक विधायकों के साथ मानेसर चले गए। उसके बाद क्या हुआ,यह सबको मालूम है। पायलट वापस आए, गहलोत सरकार बच गई लेकिन उनके अड़ जाने के कारण सचिन पायलट को प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री, दोनों पदों से हटना पड़ा। लेकिन वर्षों तक जांच करने के बाद एसीबी ने हाईकोर्ट में दाखिल अपनी रिपोर्ट में सरकार गिराने की साजिश को फर्जी बताते हुए कहा कि, आरोपियों के फोन रिकॉर्डिंग विधायकों को खरीदने या रिश्वत देने का मामला स्पष्ट नहीं होता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एसीबी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि, रिकॉर्डिंग में सामान्य राजनीतिक बातचीत, सट्टेबाजी, जुआ, महिलाओं की बातचीत और निजी बातें सुनाई दी गई। बैंक खातों की जांच में कोई भी बड़ी राशि का ट्रांजैक्शन सामने नहीं आया। यहां तक कि जांच के दौरान किसी भी विधायक ने यह नहीं कहा कि आरोपियों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की थी। जिसके बाद राजस्थान हाई कोर्ट ने मामले को खत्म कर दिया। हालांकि अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर लंबा–चौड़ा पोस्ट कर इशारों–इशारों में कांग्रेस आलाकमान और खासकर राहुल गांधी को बड़ा राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया है कि सचिन पायलट की किसी भी रूप में और किसी भी पद पर ताजपोशी उन्हें कतई मंजूर नहीं है। देखते हैं कि इस बार राहुल गांधी अपना वादा पूरा कर पाते हैं या फिर बुजुर्ग नेताओं के दबाव में फिर से पीछे हट जाते हैं।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3655




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो -3654 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

कई युवतियों को तंग कर चुका एक युवा अपने कॉलेज के लाइब्रेरियन के पास पहुँचा और बोला– क्या आप मुझे आत्महत्या पर कोई किताब दे सकते हैं। मैं शीघ्र ही आपको वापस कर दूँगा।
लाइब्रेरियन– नहीं दे सकता, आप लौटाएँगे नहीं।

□ □ □

एक व्यापारी को दूसरे व्यापारी से पैसे लेने थे, लेकिन पहले व्यापारी के बार–बार माँगने के बावजूद उसे पैसे नहीं मिल रहे थे। हार कर उसने दूसरे व्यापारी को एक पत्र भेजा। साथ में अपनी बेटी का फोटो भी भेजा।
पत्र में लिखा था– मुझे इस बच्ची की खातिर पैसे चाहिए।

□ □ □

एक खूबसूरत युवती डॉक्टर के पास गई और बोली– डॉक्टर साहब! मेरी स्कीन बहुत ही सेनसेटिव है। मेरी स्कीन हमेशा गोरी–गोरी रहे इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?
डॉक्टर साहब– अपने दरवाजे की कुंडी हमेशा लगाकर रखनी चाहिए।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3655



### बायें से दायें:-

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

### ऊपर से नीचे:-

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3654



## सूडोकु -3655


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3654 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 3655



### बाएँ से दाएँ

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

### ऊपर से नीचे

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली -3654का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 19 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in

# यूपी पर्यटन विभाग ने बेड एंड ब्रेकफास्ट व होमस्टे नीति-2025 के प्रचार के लिए कार्यक्रम आयोजित किया

## कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर जी रहे उपस्थित

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 के प्रचार-प्रसार हेतु आज गार्डेन विस्टा, नॉलेज पार्क-2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दादरी के माननीय विधायक तेजपाल नागर तथा पेइंग गेस्ट ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों सदस्य, होटल व्यवसायी, पर्यटन एवं ट्रैवल ट्रेड से जुड़े व्यापारी भी शामिल हुए और उन्होंने योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की।







मंच संचालन ब्रह्मपाल नागर द्वारा किया गया जबकि योजना का संपूर्ण प्रस्तुतिकरण सुरेश रावत, पर्यटन अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर ने किया।

पर्यटन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने बताया कि बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 के अंतर्गत भवन स्वामियों के लिए तीन प्रकार की पंजीकरण श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं। बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के तहत भवन स्वामी अपने कुल कमरों के दो-तिहाई हिस्से का, अधिकतम छह कमरे अथवा 12 बेड्स तक, पंजीकरण करा सकता है। इस श्रेणी में मकान मालिक का स्वयं भवन में रहना अनिवार्य नहीं है और इसे एक केयरटेकर के माध्यम से संचालित किया जा सकता है।

होमस्टे योजना में भवन स्वामी का स्वयं अपने भवन में रहना अनिवार्य है। इस योजना के तहत भी अधिकतम दो-तिहाई कमरे अथवा छह कक्ष अथवा 12 बेड्स तक का पंजीकरण संभव है। वहीं, रूरल होमस्टे योजना ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगी, जिसके अंतर्गत शहरी सीमा के बाहर कोई भी भवन स्वामी अपने मकान का पंजीकरण कराकर होमस्टे सुविधा उपलब्ध करा सकता है। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश की संस्कृति, रहन-सहन और खान-पान को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही पर्यटकों को सस्ती और सुविधाजनक आवासीय विकल्प उपलब्ध कराना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। यह योजना प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों से 06 खाद्य पदार्थों के नमूने किए संग्रहित

**गौतम बुद्ध नगर।** आगामी नवरात्रि एवं दशहरे के पर्वो के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रेलवे रोड दादरी स्थित अल्वी पनीर भंडार व शाही पनीर भंडार से पनीर का 01-01 नमूना संग्रहित किया गया। उक्त



सैंपलिंग खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह व विशाल गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

दादरी में स्थित एक अन्य प्रतिष्ठान धामीजा ग्राइंडर्स से एक नमूना सेंधा नमक का खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमर बहादुर द्वारा लिया गया।

अल्फा 2 ग्रेटर नोएडा स्थित बीकानेरवाला के प्रतिष्ठान से ढोकला व राजकचोरी का 01-01 नमूना मुकेश कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संग्रहित किया गया। वहीं ज़ेवर तहसील के रबूपुरा स्थित ए टू जेड किराना स्टोर से सिंघाड़े के आटे का नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविंद्र नाथ वर्मा द्वारा लिया गया है। इस प्रकार कुल 06 नमूने संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 अक्टूबर को

**जेवर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर घोषणा की कि एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 अक्टूबर, 2025 को होगा। उद्घाटन के 45 दिनों के भीतर उड़ान संचालन शुरू हो जाएगा।

मंत्री नायडू ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस सबसे पहले अपनी सेवाएं शुरू करेगी। अन्य एयरलाइंस के साथ भी बातचीत जारी है, और कई कंपनियों ने यहां से उड़ान भरने में रुचि दिखाई है।

पहले चरण में, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और कोलकाता सहित 10 प्रमुख शहरों से जोड़ा जाएगा।

कार्गो सेवाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, और भविष्य में कार्गो कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा। एयरपोर्ट के डोमेस्टिक टर्मिनल में फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एटीसी टावर में आवश्यक उपकरण स्थापित कर दिए हैं।

ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने 15 सितंबर, 2025 को सुरक्षा मंजूरी जारी की है। अब डीजीसीए से एयरोड्रम लाइसेंस मिलने का इंतजार है।

# यमुना का जलस्तर घटने से हजारों बीघा फसलें बर्बाद

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** जेवर क्षेत्र में यमुना नदी का जलस्तर घटने से स्थानीय प्रशासन ने राहत की सांस ली है। हालांकि, जलस्तर बढ़ने के कारण हजारों बीघा फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं, जिससे किसान चिंतित हैं और मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासन ने अब फसलों के आकलन के लिए एक टीम गठित की है।लगातार हुई बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर तटबंध तक पहुंच गया था। इससे जेवर के शमशम नगर, पूरन नगर, झुप्पा, जेवर खादर, मेंहदीपुर खादर, गोविंद गढ़, छोटी झुप्पा और छोटी कानीगढ़ी सहित लगभग 10 गांवों की हजारों बीघा फसलें जलमग्न हो गईं और पूरी तरह नष्ट हो गईं। किसानों की मेहनत पानी में मिल जाने से वे काफी परेशान हैं।जलस्तर बढ़ने पर तहसील प्रशासन भी चिंतित था। उस दौरान बाढ़ चौकियां बनाकर स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही थी और अधिकारी प्रभावित गांवों का दौरा कर रहे थे। किसान संगठनों ने भी जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।अब हालात सामान्य होने के बाद तहसील प्रशासन ने बर्बाद हुई फसलों के नुकसान का आकलन करने के लिए एक टीम का गठन किया है। यमुना नदी का पानी पूरी तरह से सामान्य होने और आकलन पूरा होने के बाद प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

# नोएडा में 7 दिन डिजिटल अरेस्ट कर 1.70 करोड़ ठगे

## ठगों ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी, कहा- अरेस्ट कर मुबंई ले जाएंगे

नोएडा। साइबर अपराधियों ने 76 साल के वरिष्ठ नागरिक को 7 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर 1.70 करोड़ रुपए हड़प लिए। ठगों ने पीड़ित को यह कहकर जाल में फंसाया कि उनकी आईडी से जुड़ा एक मोबाइल नंबर मुंबई के लोगों को कॉल कर गाली-गलौज कर रहा है।

मामला फर्जी पुलिस स्टेशन और सीबीआई जांच तक पहुंचा दिया गया। मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर ठगों ने पीड़ित से बैंक खाते की रकम आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर करा लिए।

पुलिस को सेक्टर 62 निवासी ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि 9 सितंबर को उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉलर ने कहा कि उनके आईडी



से एक फोन नंबर जारी हुआ है जिससे मुंबई में अभद्र कॉल की जा रही है। इसी बहाने कॉल को कथित पुलिस स्टेशन से जोड़ दिया गया। वहां से उन्हें बताया गया कि जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल के मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनका नाम सामने आया है।

फर्जी सीबीआई अधिकारी आईपीएस विजय खन्ना बनकर ठग ने दावा किया कि नरेश गोयल ने पूछताछ में कहा है कि ओमप्रकाश श्रीवास्तव को 25 लाख रुपए देकर उनके खाते का इस्तेमाल किया गया। यही नहीं, ठगों के पास पीड़ित का आधार कार्ड की कॉपी भी थी। धमकी दी गई कि उन्हें हथकड़ी लगाकर मुंबई ले जाया जाएगा।

### 20 लाख रुपए मांग की हुआ संदेह

इसी डर के चलते पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट कर दिया गया। ठग यहीं नहीं रुके। उन्होंने और 20 लाख रुपए की मांग की। इस पर पीड़ित को संदेह हुआ। इस बीच ठग उन्हें एक कमरे में बंद करके किसी से मिलने नहीं दे रहे थे। यहां तक कि उन्हें रिजर्व बैंक का फर्जी दस्तावेज देकर कहा गया कि 48 से 78 घंटे में रकम वापस कर दी जाएगी।

### बेटे ने छुड़ाया, साइबर थाने में केस दर्ज

पीड़ित ने इंटरनेट पर नरेश गोयल के बारे में पढ़कर ठगी का अंदेशा जताया और अपने बेटे को पूरी बात बताई।

रात 11 बजे जब ठग रुपए के लिए दबाव बना रहे थे, तभी बेटे ने पिता को जालसाजों से बाहर निकाला और साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पीड़ित से ठगे गए रुपए दो अलग-अलग खातों में भेजे गए। पहली बार 1.30 करोड़ दूसरी बार 40 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर हुए।

# ग्रेटर नोएडा के रीलखा गांव में कब्रिस्तान का विरोध

## यमुना प्राधिकरण को ज्ञापन सौंपा, आबादी से दूर करने की मांग

**जेवर।** गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के रीलखा गांव के लोग कब्रिस्तान के प्रस्तावित स्थान का विरोध करते हुए यमुना प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। उन्होंने विभाग के ओएसडी शैलेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि यमुना प्राधिकरण ने सपेरा समुदाय को लगभग 2200 वर्ग मीटर जमीन कब्रिस्तान के लिए आवंटित की है। उनकी आपत्ति जमीन के आवंटन पर नहीं, बल्कि उसके स्थान पर है, क्योंकि यह गांव की आबादी के काफी नजदीक है।



ग्रामीणों ने बताया कि आबादी के पास कब्रिस्तान बनने से भविष्य में स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक तनाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कब्रिस्तान को गांव से दूर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

यह आवंटन तब हुआ जब लगभग तीन दिन पहले सपेरा समुदाय की एक बुजुर्ग महिला का निधन हो गया था। श्मशान घाट के लिए जमीन उपलब्ध न होने के कारण शव को लगभग 24 घंटे तक रखा रहा, जिसके बाद समुदाय ने प्रदर्शन किया था। इसके परिणामस्वरूप प्राधिकरण ने उक्त जमीन आवंटित की थी, जिसका अब ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

इस दौरान सुनील कसाना, उधम कसाना, संदीप कसाना, नीटू कसाना, रवि कसाना, संजीव कसाना, अनिल और मनोज कसाना सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### कछेड़ा वारसाबाद में सड़कें दलदल बनीं

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** बिसरख (गौतमबुद्ध नगर) के कछेड़ा वारसाबाद गांव में बारिश के कारण सड़कें और गलियां बदहाल हो गई हैं। कीचड़ और पानी भरने से सड़कें दलदल में तब्दील हो गई हैं, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव की सड़कों पर जगह-जगह बड़े गड्ढों में पानी जमा है, जो तालाब का रूप ले चुके हैं। इन बदहाल रास्तों से होकर गुजरना बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों को रोजाना कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ता है, वहीं बाइक और साइकिल सवार अक्सर फिसलकर गिर जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी हुई है। गांव निवासी सचिन नागर ने बताया कि चुनाव के दौरान सड़कों को दुरुस्त कराने और नाली बनवाने के वादे किए जाते हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। एक अन्य स्थानीय निवासी पंकज नागर ने बताया कि गांव में जल निकासी की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण हर बरसात में स्थिति बिगड़ जाती है। मरीजों को अस्पताल ले जाना और जरूरी काम से बाहर निकलना भी चुनौती बन जाता है। पंचायत की बैठकों में कई बार सड़क मरम्मत और नाली निर्माण की मांग उठाई गई है, लेकिन फाइलें आगे नहीं बढ़ पाईं।

# गौतमबुद्ध नगर के जेवर-खुर्जा मार्ग हुआ जर्जर

## दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों की आवाजाही हुई मुश्किल

**गौतमबुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर के जेवर-खुर्जा मार्ग इन दिनों गंभीर रूप से जर्जर हो गया है। जेवर को खुर्जा, खैर, टप्पल और अलीगढ़ से जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण मार्ग लगभग 20 किलोमीटर तक गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है।

इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन, ट्रक और कंटेनर गुजरते हैं, जिससे वाहनों को क्षति पहुंचने के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को भी आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।इस मार्ग से दो दर्जन से अधिक गांव सीधे जुड़े हुए हैं, जिनकी दैनिक आवाजाही पूरी तरह इसी सड़क पर निर्भर करती है। इनमें बजरपुर, चचूरा,



चींटी, दौलाराजपुर, मकनपुर खदर, मंडपा, राजपुर कलां, शाहपुर खुर्द, लोदोना, महारा, भाबोकरा, भगवंतपुर छटांगा, जेवर खदर, झुप्पा, मंगरौली, मेवला गोपालगढ़, कनीगढ़ी, सिरसा माछीपुर, माड़लपुर, अलीबाद उर्फ महेंद्रीपुर, जहांगीरपुर देहात, गोविंदगढ़, श्मशाननगर, चुहारपुर बंगर, सलेपुर, जमालपुर, दलैलपुर और महेंद्रीपुर खदर जैसे गांव शामिल हैं।मंगरौली निवासी रमेश और चींटी के कुंवरपाल तथा सरोजनी ने बताया कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण मरीजों को अस्पताल ले जाने और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए कहीं भी आना-जाना बेहद मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों और कार्यालय जाने वाले लोगों को भी प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही से गड्ढे लगातार और गहरे होते जा रहे हैं।ग्रामीणों ने सरकार और स्थानीय प्रशासन से इस मार्ग की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि हजारों लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

### गुम मोबाइल पाकर लोगों की मुस्कान लौटी

**नोएडा।** लोगों के गुम हुए 101 से अधिक स्मार्टफोन को पुलिस ने असली मालिकों तक पहुंचाकर चेहरों पर मुस्कान लौटा दी। सर्विलांस सेल और फेज-दो थाने की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर दस राज्यों से यह फोन बरामद किए। गुरुवार को फेज-दो थाने पहुंचकर गुम हुआ मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सेंट्रल नोएडा के विभिन्न थानों में गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतें दर्ज थीं। इन घटनाओं के संबंध में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। इन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इन मोबाइल फोन को सर्विलांस के माध्यम से ट्रैक किया और गुरुवार को उनके असली मालिकों को वापस लौटाया।

# ग्रेटर नोएडा में महिला की हत्या मामले में युवक गिरफ्तार

## देवर पर दहेज के लिए भाभी की गला दबाकर मर्डर करने का है आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक महीने पहले हुई दहेज हत्या के मामले में फरार देवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मकनपुर खादर गांव में यह घटना हुई थी। आरोप है कि ससुरालियों ने 5 लाख रुपये नकद और कार नहीं मिलने पर विवाहिता की हत्या कर दी थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र के बदौली बांगर गांव निवासी शाहरुख ने 23 सितंबर को इस संबंध में केस दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि करीब सवा दो साल पहले उन्होंने अपनी बहन सन्नो और शबनम की शादी दनकौर के मकनपुर खादर गांव निवासी आमिर





उर्फ कपिल और आबिद से की थी। शाहरुख के अनुसार, उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे और शादी के बाद से ही दोनों बहनों के साथ मारपीट करते थे।

शाहरुख ने आरोप लगाया कि 22 सितंबर को उनकी बहन सन्नो की दहेज के लिए पति आमिर और अन्य ससुरालियों ने गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले में मृतक के भाई ने पति आमिर उर्फ कपिल, जेठ अर्जुन, सास जन्नत, देवर सुंदर, शाहरुख, आबिद और रेनू उर्फ लाली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

पुलिस ने घटना के तुरंत बाद आरोपी पति आमिर और सास जन्नत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब गुरुवार को आरोपी देवर आबिद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में अभी चार अन्य आरोपी फरार हैं, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# शार्ट न्यूज

### सूरजपुर में चलती बस में लगी आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कस्बे में गुरुवार तड़के एक चलती बस में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में बस जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार, यह बस एक निजी कंपनी का स्टाफ लेने के लिए जा रही थी। आग लगने की घटना सुबह करीब 5 बजे हुई, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस चालक बबलू ( निवासी मैनपुरी ) ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के समय बस में चालक के अलावा कोई अन्य यात्री मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। फायर विभाग ने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया था।बस का मालिक कैलाशपुर, नोएडा का योगेश भाटी है।

### ग्रेटर नोएडा में युवकों से मारपीट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एओए चुनाव की रंजिश को लेकर कुछ युवकों से मारपीट का मामला सामने आया है। ट्राइडेंट एम्बेसी सोसाइटी की मार्केट में हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बिसरख थाना पुलिस को दी गई शिकायत में ट्राइडेंट एम्बेसी सोसाइटी निवासी विपिन वत्स ने बताया कि 17 सितंबर की रात सोसाइटी की मार्केट में धर्मेंद्र भाटी, चिराग भाटी, तुषार भाटी और अनिल शर्मा ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। विपिन वत्स के अनुसार, वे और उनके साथी एओए चुनाव में धर्मेंद्र भाटी का विरोध करते थे। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने उन्हें लात-घूसों और पास पड़ी कुर्सी से पीटा। इस दौरान उन्हें गाली-गलौज करते हुए चुनाव में विरोध न करने की धमकी भी दी गई। मारपीट में विपिन और उनके साथी लहूलुहान हो गए।

### बिसरख में श्मशान घाट का निर्माण जल्द होगा शुरू

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख में श्मशान घाट का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इस परियोजना पर लगभग 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन द्वारा इसका निर्माण कराया जाएगा। इसमें चारदीवारी, दाह संस्कार के लिए 40 प्लेटफॉर्म, एक मंदिर, 120 गाड़ियों की पार्किंग सुविधा, प्रार्थना सभा स्थल, सीसी रोड और लकड़ी का गोदाम जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। बिसरख सहित ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों द्वारा लंबे समय से श्मशान घाट की मांग की जा रही थी। क्षेत्र में श्मशान घाट न होने के कारण लोगों को अपने प्रियजनों के अंतिम संस्कार के लिए गाजियाबाद, नोएडा सेक्टर-94 या ग्रेटर नोएडा के साकीपुर जाना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती थी।

### बिसहाड़ा गांव को जलभराव से मिली मुक्ति

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** ग्रेटर नोएडा के बिसहाड़ा गांव को हालिया दिनों में हुई बारिश के बाद उत्पन्न हुए जलभराव से आखिरकार मुक्ति मिल गई है। लगातार सात दिनों तक गांव और आसपास के क्षेत्रों में पानी भरा रहा, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। जलभराव के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गंदे पानी के जमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया था, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा भी उत्पन्न हो गया था। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को लेकर दादरी विधायक तेजपाल नागर से शिकायत की थी। विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग से मशीनें और पंप मंगवाए। इन मशीनों और पंपों की सहायता से प्रभावित इलाकों की सफाई कराई गई और जमा पानी की निकासी सुनिश्चित की गई। अब बिसहाड़ा गांव से जलभराव पूरी तरह हट चुका है और स्थिति सामान्य हो गई है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### कलौंदा गांव में नाले की सफाई नहीं

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** ग्रेटर नोएडा के दादरी ब्लॉक स्थित कलौंदा गांव में नाले की सफाई न होने से ग्रामीण परेशान हैं। नाले में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नाले की सफाई नहीं की गई है। इस गंदगी के कारण नाले के आसपास लगातार दुर्गंध फैल रही है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।स्थानीय निवासी मतीन खान ने बताया कि गांव के बीच से एक मुख्य नाला गुजरता है। इसमें जमा गंदगी और दुर्गंध के कारण गांव में बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की है, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।ग्रामीणों का कहना है कि बरसात से पहले प्रशासन नालों की साफ-सफाई के बड़े-बड़े दावे करता है। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि ये दावे केवल कागजों तक ही सीमित रह जाते हैं और नालों की वास्तविक सफाई नहीं होती।

### नोएडा में डेंगू के आठ संवेदनशील स्थान चिह्नित

**नोएडा।** शहर में डेंगू के लिए आठ स्थानों संवेदनशील (हॉट स्पॉट) को चिह्नित किया गया। इन सभी स्थानों पर पांच से अधिक डेंगू मरीज मिले हैं। यहां लार्वा खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करेगा। सेक्टर-22, होशियारपुर, हरौला, बरौला, भंगेल, सालारपुर, सदरपुर और मामूरा में डेंगू के पांच से अधिक मरीज मिले हैं। एक-दो स्थान पर मरीजों की संख्या 10 तक पहुंच गई है। अलग-अलग स्थानों पर मरीजों की संख्या की रिपोर्ट के आधार पर ये हॉट स्पॉट निर्धारित किए गए हैं। इन स्थानों पर एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव, फॉगिंग सहित घरों के अंदर भी दवाओं का छिड़काव किया जाएगा।इसके लिए विशेष अभियान चलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इन स्थानों पर अभियान के लिए मदद मांगी है। वहीं, प्राधिकरण अपने स्तर से पूरे शहर में एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव, फॉगिंग आदि कार्य पहले से ही कर रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति वर्मा ने बताया कि इन स्थानों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बुखार के मरीजों की स्वास्थ्य जांच भी होगी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पति और किसान यूनियन कार्यकर्ताओं में विवाद, थाने पर धरना प्रदर्शन

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को थाना सुनगढ़ी पर जमकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे और नगर पंचायत अध्यक्ष पति संतोष सिंह संधू के खिलाफ नारेबाजी की। मामला यूनियन के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निसार शाह और नगर पंचायत अध्यक्ष पति के बीच विवाद से जुड़ा है।



जानकारी के मुताबिक, निसार शाह ने अपने वार्ड की मस्जिद के इनवर्टर के लिए जुनैद नामक व्यक्ति से चंदा मांगा था।

इसी दौरान कथित तौर पर निसार शाह ने नगर पंचायत अध्यक्ष पति के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। आरोप है कि यह बातचीत का एक ऑडियो क्लिप संतोष संधू तक पहुंच गया।

निसार शाह का कहना है कि गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पति ने उन्हें अपने कार्यालय बुलाया और वहां अपने समर्थकों के साथ मिलकर उनसे मारपीट की तथा सार्वजनिक रूप से अपमानित भी किया। इस घटना के विरोध में किसान यूनियन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में थाने पर पहुंच गए और धरना-प्रदर्शन करने लगे।

वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप कौर के पति संतोष संधू ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि असल में निसार शाह ने उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। संधू ने इस संबंध में पुलिस को एक ऑडियो क्लिप भी सबूत के तौर पर सौंपा है। इतना ही नहीं उन्होंने अध्यक्ष के लिए भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया था इस पर थाना प्रभारी को दोनों ऑडियो क्लिप भेज दिए गए हैं। हमारे कार्यालय पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। हालांकि पुलिस को हमने सारे सबूत भेज दिए हैं। वहीं थाना प्रभारी पवन पांडे ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

निसार शाह ने मारपीट और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है, जबकि अध्यक्ष पति ने गाली-गलौज और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भीटी सर्किल के सभी थानों पर मच्छरों का प्रकोप

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** जनपद अंबेडकर नगर की तहसील भीटी मुख्यालय सहित समस्त थाना परिसर में भयंकर मच्छरों का प्रकोप मचा हुआ है। क्या फरियादी ? क्या साहब क्या पीड़ित मच्छर हैं कि किसी को काटने से बाज नहीं आ रहे हैं।24 घंटे आम जनमानस पुलिस के भरोसे अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है,यदि पुलिस की संकल्पना जेहन से निकाल दी जाए तो मौजूदा मानव जीवन की कल्पना करना भी असंभव हो जाएगा। किसी मुसीबत किसी आफत में जिस पुलिस को हम ऑनलाइन या अन्य माध्यम से तुरंत बुलाते हैं उसी पुलिस का खून लगातार मच्छर चूस रहे हैं।कोई किसी से कहने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा उच्चाधिकारी आलीशान ऑफिस में बैठते हैं,लग्जरी गाड़ियों में चलते हैं लेकिन थाना अध्यक्ष,उपनिरीक्षक पुरुष एवं महिला आरक्षी लगातार थाने पर रहकर जनहित का कार्य निपटाते हैं,कोई उनकी सुनने वाला नहीं है चाहे पुलिस विभाग हो चाहे स्वास्थ्य विभाग हो कोई साफ सफाई व विषैले कीड़े मकोड़ों का संक्रमण विषैले जानवरों का प्रकोप किसी का भी ध्यान इस तरफ नहीं जा रहा है।नाम न छापने की शर्त पर कई पुलिस कर्मचारियों ने बताया कि थाने पर जीवन संकटमय बन गया है चिकारी मच्छरों के प्रकोप से थाने पर आने वाले फरियादी और थाने पर काम करने वाले कर्मचारी त्रस्त हैं।5 मिनट के अंदर किसी भी थाने पर रुकने पर आपको इतना चिकारी मच्छर काट लेंगे कि आपके दोनों हाथ कम पड़ जाएंगे आप सोचेंगे कि काश में देवी देवताओं की तरह अष्टभुजा या 10 भुज वाला होता तो खुजला लेता।देखना है की खबर का असर कितना होता है ? वहीं इस विषय पर तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर छिड़काव कराया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### योगासन प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर



**पीलीभीत।** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में गुरुवार को आयोजित जनपदीय योगासन प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी योग प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में जनपद से केवल राजकीय इंटर कॉलेज पौटाकला के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंडर-14 वर्ग में कुमारी शाइस्ता, आलिया, मोहम्मद सुबहान और मोहम्मद इमरान ने अनुलोम-विलोम आसन प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। वहीं, अंडर-17 वर्ग में कुमारी शिफा और कुमारी गंगवार ने ताड़ासन का प्रदर्शन कर अपनी योग कला का परिचय दिया। निर्णायकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन छात्रों का चयन आगामी मंडलीय योगासन प्रतियोगिता के लिए किया है, जो 23 सितम्बर को बरेली में आयोजित होगी।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर नंदकिशोर, हामिद अली, अफसार अहमद, वसीमुद्दीन खान, मधु सक्सेना, रजनी सक्सेना, मेहविश खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### नदियों के संरक्षण पर छात्रों से हुआ सार्थक संवाद



ललितपुर । नमामि गंगे परियोजना के तहत जिला गंगा समिति ने पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल में नदियों पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को देश की नदियों, विशेष रूप से गंगा नदी के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में समस्त छात्रों, शिक्षकों और स्टॉफ सदस्यों गंगा नदी और सहायक नदियों को स्वच्छ बनाए रखने और उनके संरक्षण के लिए प्रयास करने की शपथ ली और कलात्मक पोस्टर बनाए। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने कहा कि स्कूलों में ऐसे आयोजन युवाओं में जिम्मेदारी के दायित्वबोध को विकसित करते हैं। प्रधानाचार्य विनय रावत ने कहा कि यह कार्यक्रम नमामि गंगे की भावना को आगे बढ़ाने की दिशा में हमारा एक छोटा सा योगदान है। हम सभी छात्रों के उत्साह की सराहना करते हैं।

### रेप और हत्या के आरोपी चाचा को फांसी की सजा

**सीतापुर।** सीतापुर में नाबालिग से रेप और हत्या के दोषी को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। दोषी नाबालिग का रिश्ते में चाचा लगता था। पॉस्को कोर्ट संख्या-14 के विशेष न्यायाधीश भगीरथ वर्मा ने इसे रेयर ऑफ रेयरेस्ट माना। 6 साल की सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। जज ने कहा- ऐसे अपराध समाज के लिए कलंक हैं। मासूम के साथ इस तरह की बर्बरता मानवता को शर्मसार करती है। ऐसे अपराधियों को जीने का कोई अधिकार नहीं है। अपराधियों को सख्त से सख्त संदेश देना जरूरी है। मृतका के पिता बोले-कोर्ट की कार्रवाई से संतुष्ट हूं। मेरी बेटी को आज न्याय मिला है। जनवरी 2019 में सुल्तानपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली 6 साल की मासूम को उसका रिश्ते का चाचा टॉफी दिलाने के बहाने दुकान पर ले गया। वहां बच्ची के साथ रेप किया। फिर हत्या कर शव को घर से 500 मीटर दूर नदी में फेंक दिया। परिजनों ने बेटी की गायब होने की पुलिस से शिकायत की। दो दिन बाद पुलिस को शव मिला था। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गांव के ही नीलू को गिरफ्तार किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**चंदौली।** शहाबगंज के अमरसीपुर-डूमरी मार्ग पर बुधवार सुबह अतायस्तगंज निवासी यशवंत यादव (32) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। उनकी मौत को लेकर रहस्य बना हुआ है। शव की शिनाख्त होने के बाद परिजनों में शोक का माहौल है। पुलिस गुरुवार को भी मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी रही।थाना प्रभारी अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक के शरीर पर मिले चोटों के निशान प्रथम दृष्टया किसी हादसे की ओर इशारा करते हैं। हालांकि, पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि यशवंत उस स्थान पर कैसे पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगी।मृतक यशवंत के पिता दुलारे यादव ने बताया कि उनके परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। बेटे की मौत कैसे हुई, यह उनके लिए समझ से परे है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस मामले की पूरी सच्चाई सामने लाने की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार, यशवंत मंगलवार देर शाम अपने घर से निकले थे, लेकिन रात भर वापस नहीं लौटे।

### महराजगंज में सड़क हादसे में युवक की मौत

**महराजगंज।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुई मार्ग पर बंजरहा गांव के पास गुरुवार रात एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल भी हुआ है। यह घटना रात करीब 8: 30 बजे हुई।जानकारी के अनुसार, बंजारा सोनबरसा निवासी सोनू अपनी बाइक से गांव जा रहा था। उसकी बाइक की रफ्तार तेज थी। अचानक सामने खड़ी एक अन्य बाइक को देखकर वह उसे नियंत्रित नहीं कर पाया और जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार युवक के पैर में चोट आई है।मृतक सोनू के पिता जवाहर ने बताया कि सोनू घर का सबसे छोटा बेटा था और उसकी शादी हाल ही में हुई थी।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बृजमनगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 18 साल की बेटी को खींच ले गया बाघ

**सीतापुर।** सीतापुर में मां-बहन के सामने 18 साल की लड़की को बाघ खींच ले गया। दोनों चिल्लाते हुए पीछे-पीछे दौड़ीं। आवाज सुनकर ग्रामीण भी लाठी-डंडे लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बाघ जबड़े में दबाकर लड़की को लेकर भाग चुका था। गुरुवार सुबह 5 बजे लड़की अपनी मां-बहन के साथ खेत में काम कर रही थी। तभी झाड़ियों में छिपे बाघ ने अटैक किया। बाघ के हमले की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची। 600 लोगों की टीम 6 घंटे से तलाश में जुटी है, लेकिन लड़की का कहीं पता नहीं चला है। टीम ने अब ड्रोन कैमरे मंगाए हैं। 10 किमी एरिया में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा। घटना के बाद से मां का रो-रोकर बुरा हाल है। वह रोते-रोते बेसुध हो जा रही हैं। घटना मछरेहटा थाना के राठौर पुरवा गांव की है। राठौर पुरवा के रहने वाले रामसरन की बेटी कामिनी (18) सुबह अपनी मां प्रेमा और छोटी बहन दामिनी के साथ खेतों में गई थी। मां ने बताया- वहां बाघ पहले से छिपा था। अचानक उसने हमला कर दिया। मैं डर गई। मैं और छोटी बेटी घर की तरफ भागे। लेकिन बड़ी बेटी भाग नहीं पाई। मेरी आंखों के सामने बाघ ने कामिनी पर झपट्टा मारा। उसे जबड़ों में दबाकर झाड़ियों में खींच ले गया। हम चिल्लाते रहे। इतने में गांव वाले आ गए, लेकिन तब तक बाघ बेटी को खेतों की तरफ खींच ले गया था।

# बरखेड़ा विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ

## मरौरी और मोहनपुर ग्राम पंचायतों में 1300 मीटर सड़क निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

**पीलीभीत।** विधानसभा बरखेड़ा में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने गुरुवार को दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने नारियल तोड़कर विधिवत तरीके से हुए इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रोड का शुभारंभ किया वहीं विधायक का आभार जताया। ग्राम पंचायत मरौरी में नहर की पुलिया से ग्राम के अंदर तक लगभग 600 मीटर




लंबे सड़क मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। सड़क का शुभारंभ होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस निर्माण से आवाजाही में काफी सुविधा होगी।

विधायक ने ग्राम पंचायत मोहनपुर में जौनापुरी मार्ग से बड़ा मोहनपुरी तक लगभग 700 मीटर लंबे सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। स्थानीय निवासियों ने इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हो रही है। सड़क निर्माण कार्यों के शुभारंभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेश लोधी, नंदलाल वर्मा, हरेंद्र कुमार लोधी, आकाश लोधी, देव कुमार मौर्या, हरिराम सोनकर, ओमप्रकाश मौर्या, मिथुन कुमार कश्यप सहित कई जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने विधायक की पहल को क्षेत्र के विकास की दिशा में सराहनीय कदम बताया। इन दोनों सड़कों के निर्माण से ग्राम मरौरी और मोहनपुर के सैकड़ों लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# विश्वकर्मा भगवान की भव्य शोभा यात्रा निकाल हुआ विसर्जन

### पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हुआ विसर्जन

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** जिले के महरुआ थाना क्षेत्र पावर हाउस पर महरुआ जेई अनिल कुमार वाल्मीकि की अध्यक्षता तथा समस्त स्टाफ की कड़ी मेहनत और निगरानी मे हर वर्ष के भांति इस बार भी भगवान विश्वकर्मा पूजा के 1 दिन पहले विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना के साथ तरह-तरह के संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया और 17



सितंबर दिन बुधवार को विश्वकर्मा भगवान की पूजा के दिन भव्य मेले का भी आयोजन जिसमें क्षेत्रीय लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और आज गुरुवार 18 सितंबर को हवन पूजन के साथ विश्वकर्मा भगवान की भव्य शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ बाजे की धुन पर नाचते गाते हुए महरुआ बाजार कस्बे में निकल गई और पावर हाउस के कर्मचारियों द्वारा दुकान दुकान पर जाकर सभी दुकानदारों तथा आने जाने वाले लोगो को प्रसाद ग्रहण कराया गया तथा शोभा यात्रा समापन के बाद सरवण क्षेत्र विसर्जन के लिए ले जाया गया वहीं महरुआ पुलिस प्रशासन द्वारा आवागमन का भी रखा गया विशेष ध्यान विश्वकर्मा पूजा की देखरेख में मुख्य भूमिका पावर हाउस के समस्त स्टाफ ने बेखूबी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया रवि कुमार टी जी सेकंड संजय कुमार श्रीवास्तव संविदा विपिन कुमार उमेश कुमार अनिल कुमार शेषमणि लाइनमैन पिंकू मौर्य लाल रमेश कुमार रमेश गौड बृजेश सिंह अमर तिवारी समर बहादुर आदि मौजूद रहे और शोभा यात्रा तथा विसर्जन की देखभाल की।

# लखनऊ में शादी के 9 महीने बाद पत्नी की हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ में एक युवक ने शादी के 9 महीने बाद बांके से पत्नी की हत्या कर दी। पत्नी 8 महीने की गर्भवती थी।

उसने अपनी मां पर भी बांके से हमला कर दिया। यह देख युवक की बहन चांदनी चीखते हुए घर के बाहर भाग भागी। शोर सुनकर आसपास के लोग घर की तरफ दौड़ पड़े।

लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह बांका लहराते हुए सब पर हमला करने के लिए ललकारने लगा।

किसी तरह एक व्यक्ति ने उसे पीछे से पकड़ा। फिर लोगों ने उसे दबोच लिया और खंभे से बांधकर कंट्रोल लिया। इसके बाद पुलिस बुलाकर सौंप दिया।

घटना गुडंबा थानाक्षेत्र के दसौली गांव की है। आरोपी की पहचान अंकुर के रूप में हुई है। आरोपी, लखनऊ में परिवार के साथ राम सिंह के घर पर किराए पर रहता था।

बहन चांदनी, पत्नी नीलम, मां फूलमती, भाई आकाश और पिता दिनेश साथ ही रहते थे।

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, मिशन वात्सल्य की बैठक का किया गया आयोजन

**ललितपुर ।** जिलाधिकारी सभागार, ललितपुर में मा0 अध्यक्ष, जिलाधिकारी अमनदीप डुली की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 0 से 18 वर्श के बच्चों के संरक्षण, षिक्षा, स्वास्थ्य, बालश्रम, यौन षोशण, पलायन, मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति, कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, दहेज प्रतिशेध अधिनियम, बाल विवाह आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बाल संरक्षण सेवायें पूर्व नाम समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एक अत्यन्त संवेदनषील समिति है, जिसके अन्तर्गत त्रिस्तरीय समिति का गठन किया जा चुका हैं जिसमें 06 ब्लॉक स्तर एवं 415 ग्राम पंचायत स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन किया जा चुका है। बैठक में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में समस्त विभागों को एकजुट होकर कार्य करने हेतु कहा गया साथ ही जनपद में होने वाले बाल विवाह को रोके जाने हेतु सभी विभागों को प्रभावी कदम उठाकर विषेश कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करने के निर्देष दिये गये। जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में जिला प्रोबेषन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, ललितपुर सदस्य सचिव, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा बैंठक के एजेण्डा बिन्दु के अनुसार बैठक का विस्तृत रूप से संचालन किया गया एवं बताया गया कि समिति यह सुनिष्चित करेगी कि बाल श्रम, बाल यौन षोशण, पलायन, ट्रेफिंकंग अथवा किसी प्रकार की बच्चों के साथ क्रूरता जैसा व्यवहार न हो।

# सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत माह अगस्त की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी ने ली बैठक, लापरवाह अधिकारियों को लगायी फटकार

**ललितपुर।** गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने जनपद के प्रमुख अधिकारियों के साथ मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड के अन्तर्गत माह अगस्त 2025 में विभिन्न विभागों/योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक की और खराब प्रगति वाले विभागों को अगले माह तक प्रगति में अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय लक्ष्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जिन विभागों की अगस्त में प्रगति अपेक्षानुसार नहीं रही, वे और मेहनत करें तथा प्रगति बढ़ाकर जिले की रैंकिग सुधारें। इसके साथ ही प्रतिमाह अपनी प्रगति पोर्टल पर फीड करायें। कृषि विभाग की समीक्षा की




दौरान किसानों की फसल में हुई हानि की क्षतिपूर्ति कराने हेतु भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के क्लस्टर प्रभारी राजेश जायसवाल को फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि वह सर्वे के आधार पर तत्काल क्षतिपूर्ति कराना सुनिनिश्चत करें। मत्स्य विभाग के कार्यों में शिथिलता व लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शत-प्रतिशत मत्स्य पट्टे आवंटित करायें और मत्स्य पालकों को केसीसी कार्ड जारी करायें। दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ के प्रबंधक बैठक में अनुपस्थित होने पर नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गए। साथ ही उपस्थिति प्रतिनिधि को शहर में दुग्ध बिक्री केन्द्र खोलने के निर्देश दिये ताकि स्थानीय लोगों को उचित दर पर शुरु दूध उपलब्ध हो सके। समाज कल्याण द्वारा संचालित चारों छात्रावासों में छात्रों का प्रवेश कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। पशु पालन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये गए कि बुन्देलखण्ड की उपयोगी थारपारकर नश्ल के सीमन का प्रयोग करते हुए क्षेत्रीय पशु केन्द्रों पर कृत्रिम गर्भाधान कराया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ललितपुर नगर पालिका उपचुनाव व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक ली

## प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी, रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसरों को बाटें दायित्व

ललितपुर। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ललितपुर उप निर्वाचन में विभिन्न व्यवस्थाओं को समयानुसार पूर्ण करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने सम्बधित प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी, रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसरों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी प्रभारियों को निर्देश दिये कि उप निर्वाचन हेतु बनाये गए मतदान केन्द्रों पर विद्युत, पेयजल, छायादार स्थान, प्रकाश, खिडकी दरवाजे आदि सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जायें, इसके लिए




5-5 लेखपालों को लगाकर सत्यापन कराया जाए और निर्धारित प्रारुप पर सत्यापन रिपोर्ट ली जाये। जिन केन्द्रों पर विद्युत संयोजन नहीं हैं, वहा विद्युत विभाग द्वारा तत्काल संयोजन की व्यवस्था करायी जाए। इसके अलावा सभी आरओ/एआरओ पूरी गंभीरता के साथ आरओ बुक का अध्ययन कर लें, ताकि बाद में कोई समस्या न हो। बैठक में बताया गया कि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ललितपुर उप निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी हो चुकी है, जिसके अंतर्गत 19 से 29 सितम्बर तक नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, 30 सितम्बर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 03 अक्टूबर को अभ्यर्थन वापसी, 06 अक्टूबर को प्रतीक आवंटन, 15 अक्टूबर को मतदान एवं 17 अक्टूबर को मतगणना निर्धारित है। मतदान के लिए जिले के 26 वार्डों में 49 मतदान केन्द्र व 613 मतदान स्थल बनाये गए हैं, जिन्हें 02 जोन व 10 सेक्टरों में बांटा गया है।

उप निर्वाचन में जिले के 130908 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिनमें 68177 पुरुष व 62731 महिला मतदाता शामिल हैं। साथ ही मतदान टोलियों की रवानगी हेतु 28 बसें लगायी गई हैं।

पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह को रिटर्निंग ऑफीसर व जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र साहू को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। साथ ही निर्वाचन सम्बंधी विभिन्न गतिविधियों के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को प्रभारी अधिकारियों/सह प्रभारी अधिकारी बनाया गया है, जो पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर दायित्वों की पूर्ति करेंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना पुरातन छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर के झलकारी बाई सभागार में आज दिनांक 18 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना पुरातन छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर ओम प्रकाश चौधरी (राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल, अधिकारी नेहरू महाविद्यालय) डायरेक्टर डॉक्टर सौरभ यादव जी, प्रबंध निदेशिका डॉ पूजा यादव जी, प्राचार्य डॉक्टर सूफिया, प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेश कुमार झा, नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर आंचल यादव, फार्मेसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार यादव, पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल हिंदी मीडियम के प्रधानाचार्य श्री रक्षपाल यादव, पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम के प्रधानाचार्य श्री विनय रावत,बी.एड विभागाध्यक्ष रत्ना याज्ञिक , एग्रीकल्चर विभागाध्यक्ष श्री भजनलाल साहू, डीएलएड विभागाध्यक्ष श्री राम लखन यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर वंदना याज्ञिक, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर साधना नागल एवं महाविद्यालय में उपस्थित समस्त शिक्षिकाओं के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना पुरातन छात्र सम्मेलन में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी के 75वें जन्मदिन पर सबसे पहले ट्रम्प की बधाई

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन पर सबसे पहले जन्मदिन की बधाई दी। क्रूमोदी आज 75 साल के हो गए हैं। उन्होंने मंगलवार रात 10-53 बजे बताया कि ट्रम्प ने उन्हें फोन किया। ट्रम्प ने रात 11-30 बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पीएम से बातचीत की जानकारी दी। ट्रम्प ने लिखा, अभी-अभी मेरे दोस्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बहुत अच्छी बातचीत हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। वे अद्भुत काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने में आपके सहयोग के लिए धन्यवाद। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, थैंक यू, मेरे दोस्त, प्रेसिडेंट ट्रम्प, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके फोन कॉल और बधाई के लिए धन्यवाद। आपकी तरह, मैं भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापक और वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आपकी पहल का समर्थन करते हैं।

### अमेरिका का लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता चीनी जासूस निकला

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क शहर में लोकतंत्र समर्थक समूह का नेतृत्व करने वाले चीनी मूल के नागरिक पर बीजिंग के लिए जासूसी करने का आरोप तय हुआ है। आरोपी द्वारा अपने साथी चीनी कार्यकर्ताओं की जासूसी चीन की खुफिया एजेंसी से की जा रही थी। आरोपी की पहचान 68 वर्षीय युआनजुन तांग के रूप में हुई है, जो सार्वजनिक तौर पर तो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का मुखर आलोचक था, लेकिन असल में वह अपने साथी कार्यकर्ताओं की जासूसी करता था। वह कई बार मैनहट्टन स्थित वाणिज्य दूतावास के बाहर चीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में भी शामिल हुआ। तांग साल 2002 से अमेरिका के न्यूयॉर्क में रह रहा था। पिछले अगस्त में तांग के खिलाफ आरोप लगाने वाले संघीय अभियोजकों ने बताया कि तांग ने चीन में रह रहे अपने परिवार के सदस्यों से मिलने की अनुमति पाने के लिए ये काम स्वीकार किए थे। एफबीआई के सहायक निदेशक क्रिस्टोफर जी. राया ने एक बयान में कहा, चीनी सरकार को लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं का दमन करने में मदद करने के लिए तांग द्वारा अमेरिका के आदर्शों के साथ विश्वासघात किया गया, यह उन्हीं मूल्यों के खिलाफ है, जिनके प्रचार का उन्होंने दावा किया था।

### पापुआ न्यू गिनी की आजादी की 50वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए पाबित्रा मार्गेरिटा

**पोर्ट मोरेस्बी , एजेंसी।** विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा पापुआ न्यू गिनी की आजादी की 50वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, पापुआ न्यू गिनी की स्वतंत्रता के 50 साल पूरे होने के अवसर पर यहां आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की जनता की ओर से पापुआ न्यू गिनी की सरकार और जनता को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आज सुबह पोर्ट मोरेस्बी के इंडिपेंडेंस हिल पर ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुआ। मार्गेरिटा ने एक अन्य पोस्ट में कहा, पापुआ न्यू गिनी के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से मिलकर खुशी हुई।

### बेलारूस में पत्रकार को 4 साल की सजा

**मिन्स्क, एजेंसी।** बेलारूस की एक अदालत ने स्वतंत्र पत्रकार इहार इल्याश को चार साल कैद की सजा सुनाई है। यह फैसला उस समय आया है जब कुछ ही दिन पहले अमेरिका की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत 50 से अधिक राजनीतिक कैदियों को रिहा किया गया था। इल्याश पर चरमपंथ फैलाने के आरोप लगाए गए थे, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर लुकाशेंको की सरकार की आलोचना करते हुए लेख और टिप्पणियां लिखीं।

### माइक्रोसॉफ्ट ने निजी डाटा चुराने वाली नाइजीरिया की 340 वेबसाइटों का पता लगाया

**अबुजा, एजेंसी।** माइक्रोसॉफ्ट इंक ने नाइजीरिया में तेजी से बढ़ रही एक सेवा से जुड़ी 340 वेबसाइटों का पता लगाया है, जो उपयोगकर्ताओं को फिशिंग अभियान चलाने की अनुमति देती और 5,000 माइक्रोसॉफ्ट उपयोगकर्ताओं के क्रेडेंशियल चुराती थी। माइक्रोसॉफ्ट की डिजिटल क्राइम यूनिट के सहायक महाधिवक्ता स्टीवन मसाडा ने मंगलवार को बताया कि माइक्रोसॉफ्ट को इस माह की शुरुआत में मैनहट्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय से आदेश मिला था, जिसमें रैकून0365 से जुड़े डोमेन जब्त करने को कहा था। रैकून0365 ऐसी सब्सक्रिप्शन सेवा है, जो उपयोगकर्ताओं को बड़े पैमाने पर फिशिंग अभियान चलाने की अनुमति देती थी। उसमें कभी-कभी एक साथ हजारों ईमेल शामिल होते थे। मसाडा ने माइक्रोसॉफ्ट की वेबसाइट पर पोस्ट किए एक ब्लॉग में बताया कि रैकून0365 की सेवा, जो 850 से ज्यादा सब्सक्राइबर्स वाले एक निजी टेलीग्राम चैनल के जरिये संचालित होती है।

# डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक और यूनिवर्सिटी ने खोला मोर्चा, फंड रोकने पर दायर किया मुकदमा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका प्रशासन भारी भरकम टैकिफ लगाने की वजह से जहां दुनियाभर के कई देशों के निशाने पर हैं, वहीं अब अमेरिका की एक और टॉप यूनिवर्सिटी ने फंड रोके जाने के मुद्दे पर उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कैलिफ़ोर्निया यूनिवर्सिटी के शिक्षकों, छात्रों और अन्य कर्मचारियों ने ट्रंप प्रशासन पर संघीय धन रोके जाने और अन्य कार्रवाइयों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। अपनी याचिका में यूनिवर्सिटी ने आरोप लगाया है कि ट्रंप प्रशासन यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक स्वतंत्रता का हनन करना चाहता है। कैलिफ़ोर्निया के उत्तरी जिले की डिस्ट्रिक कोर्ट में दायर इस मुकदमे में यूनिवर्सिटी ने ट्रंप सरकार पर वित्तीय धमकियों का इस्तेमाल करने से रोकने की मांग की गई है। याचिका में फंड रोकने की धमकी को हानिकारक और गैरकानूनी बताया गया है। अर्जी में पहले से निलंबित धन को फिर से बहाल करने का भी अनुरोध किया गया है।



**फंड रोकना उनका हथकंडा बन गया है :** ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर करने वाले शिक्षकों, छात्रौं और कर्मचारियों के संघ ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को धमकाने और फंड रोकने का हथकंडा अपना रखा है। उन्होंने आगे कहा कि ये धमकियाँ संस्थानों के पाठ्यक्रम, परिसरों में अभिव्यक्तिपूर्ण गतिविधियों और विविधता, समानता और समावेशन की पहलों के प्रति तिरस्कार पर आधारित हैं। फिलहाल कैलिफ़ोर्निया यूनिवर्सिटी सिस्टम और वाइट हाउस ने इस मुक़दमे पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

**यहूदी-विरोधी छात्र प्रदर्शनों की जांच :** इस बीच, ट्रंप प्रशासन ने गाजा पर इजरायल के हमले के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित यहूदी-विरोधी गतिविधियों से निपटने के विश्वविद्यालयों के तरीकों की जाँच शुरू कर दी है और इस मामले में तथा जलवायु पहलों और डीईआई कार्यक्रमों सहित अन्य मुद्दों पर धन रोक दिया है। नागरिक अधिकारों के पैरोकारों का कहना है कि ट्रम्प प्रशासन विश्वविद्यालयों को अपने राजनीतिक एजेंडे के साथ कंट्रोल करने की कोशिश कर रहा है, जबकि आलोचक ऐसे प्रयासों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शैक्षणिक स्वतंत्रता के लिए खतरा मानते हैं।

**यूसीएलए का 584 मिलियन डॉलर फंड रुका :** कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय अमेरिका की सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणालियों में से एक का संचालन करता है, जिसके 10 मुख्य परिसर हैं और लगभग 300,000 छात्र हैं। इस यूनिवर्सिटी में 265,000 संकाय और कर्मचारी काम करते हैं। अमेरिका की टॉप पब्लिक यूनिवर्सिटीज में से एक- कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) ने अगस्त में कहा था कि सरकार ने 584 मिलियन डॉलर की धनराशि रोक दी है। कैलिफ़ोर्निया यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष जेम्स मिलिकेन ने सोमवार को कहा कि संघीय सरकार की कार्रवाइयों के कारण संस्थान अपने इतिहास के सबसे गंभीर खतरों में से एक का सामना कर रहा है, और बताया कि उसे हर साल संघीय सहायता के रूप में 17 अरब डॉलर से अधिक प्राप्त होते हैं।

## खालिस्तानी आतंकियों ने कनाडा में भारतीय दूतावास पर कब्जा करने की धमकी दी

**टोरंटो, एजेंसी।** अमेरिका स्थित खालिस्तानी समूह, सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने कनाडा के वैंकूवर स्थित कॉन्सुलेट (भारतीय वाणिज्य दूतावास) को घेरने की धमकी दी है। अलगाववादी संगठन ने घोषणा की है कि वह गुरुवार, 18 सितंबर को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेगा। उन्होंने भारतीय-कनाडाई लोगों से परिसर से दूर रहने को कहा है। ये धमकी भारत-कनाडा के बीच राजनयिक संबंध फिर से शुरू होने के कारण दिया गया है। समूह ने भारतीय उच्चायुक्त दिनेश पटनायक की तस्वीर वाला एक पोस्टर भी जारी किया। एसएफजे ने 18 सितंबर 2023 को कनाडाई संसद में तत्कालीन कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के बयान का हवाला दिया, जब उन्होंने कहा था कि आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की भूमिका की जांच चल रही है। भारतीय वाणिज्य दूतावास खालिस्तान समर्थकों को निशाना बनाकर जासूसी नेटवर्क चला रही हैं। इस महीने की शुरुआत में, कनाडा सरकार की एक रिपोर्ट में देश में खालिस्तानी आतंकवादी समूहों की मौजूदगी की बात स्वीकार की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी के बीच सहमति बनने के बाद भारत और कनाडा ने हाल ही में अपने नए उच्चायुक्त की घोषणा की है।

## स्लोवाकिया में प्रधानमंत्री फिको की आर्थिक और रूस समर्थक नीतियों के खिलाफ नाराजगी, सड़क पर हजारों लोग

**ब्रातिस्लावा, एजेंसी।** स्लोवाकिया में प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की आर्थिक नीतियों और रूस समर्थक रुख के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा है। 16 बड़े शहरों और कस्बों में हजारों लोग मंगलवार को सड़कों पर उतरे। देश की राजधानी ब्रातिस्लावा सहित पूरे देश में प्रदर्शन हुए। जनता के गुस्से का नेतृत्व विपक्षी राजनीतिक दलों ने किया। हालिया विरोध के उग्र होने का कारण पीएम फिको की चीन यात्रा और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से तीसरी बार मुलाकात को माना जा रहा है। पीएम फिको नीत सरकार ने हाल ही में कठोर आर्थिक पैकेज को भी स्वीकृति दी है। इसके खिलाफ भी जनाक्रोश बढ़ रहा है।

**खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़े, छुट्टियों में भी कटौती :** सरकार का कहना है कि फैसले लिए जाने जरूरी हैं क्योंकि 2023 में देश का बजट घाटा जीडीपी का 5.3 प्रतिशत था, जो यूरो अपनाने वाले देशों में दूसरा सबसे ऊंचा स्तर था। इस वर्ष भी घाटा 5 प्रतिशत से अधिक रहने की आशंका है, जबकि यूरोपीय संघ की सीमा 3 प्रतिशत है। इन उपायों में स्वास्थ्य और सामाजिक बीमा पर वृद्धि, उच्च आय वर्ग पर आयकर बढ़ाना, कुछ खाद्य उत्पादों पर वैट में इजाफा और राष्ट्रीय छुट्टियों में कटौती शामिल है।

विरोधी पार्टी की नेता का दावा- जनता अब फिको से तंग आ चुकी है श्रमिक संगठनों और आलोचकों ने



आरोप लगाया है कि इन उपायों का बोझ आम लोगों पर पड़ेगा। देश के व्यापार जगत का कहना है कि इसमें अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाला कुछ नहीं है। विरोध प्रदर्शन में प्रोग्रेसिव स्लोवाकिया पार्टी के प्रमुख मिखाल शिमेका ने कहा कि लोग अब फिको से तंग आ चुके हैं। उनकी पार्टी ने स्वतंत्रता और एकजुटता, क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और डेमोक्रेट्स दलों के साथ मिलकर प्रदर्शन आयोजित किए। कुछ नेताओं ने आम हड़ताल की चेतावनी भी दी। प्रदर्शनकारियों ने हमें फिको से छुटकारा चाहिए जैसे नारे लगाए। यह आंदोलन पिछले सप्ताह भी भड़का था जब प्रधानमंत्री फिको ने बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आमंत्रण पर आयोजित सैन्य परेड में हिस्सा लिया था। यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में फिको अकेले नेता थे जो इस परेड में मौजूद रहे। आलोचकों का कहना है कि फिको स्लोवाकिया को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन की तरह उसी रास्ते पर ले जा रहे हैं, जिन्हें अक्सर अलोकतांत्रिक कहा जाता है।

## यूक्रेनी बच्चों को बनाया जा रहा 'रूसी', 200 कैंप बना कर रूस दे रहा मिलिट्री ट्रेनिंग; रिपोर्ट

**मास्को, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते 3 सालों से जारी युद्ध के बीच हाल ही में सामने आई रिपोर्ट में हैरान करने वाले खुलासे हुए हैं। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जंग के बीच, रूस करीब 200 कैंप्स लगाकर यूक्रेनी बच्चों को ट्रेनिंग के जरिए 'रूसी' बना रहा है। यह बातें येल स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के ह्यूमैनिटेरियन रिसर्च लैब (एचआरएल) द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में कही गई हैं। स्टोलेन किड्स ऑफ यूक्रेन नाम की इस रिपोर्ट के मुताबिक इन शिविरों में से आधे से ज्यादा का प्रबंधन रूसी सरकार खुद करती है। कथित तौर पर इन 200 कैंप्स से आधे से ज्यादा फैसिलिटी में बच्चों को अलग तरह की शिक्षा दी जाती है। वहीं 18 फीसदी कैंप्स में उन्हें मिलिट्री ट्रेनिंग दी जाती है। रिपोर्ट में यह दावा भी किया गया है कि इनमें से कुछ सुविधाओं में आठ साल की उम्र के बच्चों को भी हथियारों का प्रशिक्षण दिया जाता है। बच्चों को ग्रेनेड फेंकने की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भी कहा जाता है। ब्रेनवॉश करने की योजना? रिपोर्ट में अलग अलग-जगहों का भी जिक्र है जहां यूक्रेनी बच्चों को ले जाया गया है। इनमें कैडेट स्कूल, सैन्य अड्डा, हेल्थ फैसिलिटी, धार्मिक स्थल, स्कूल और विश्वविद्यालय, होटल, अनाथालय और ट्रेनिंग कैंप का शामिल हैं। द गार्जियन ने रिपोर्ट पब्लिश करने वाले एचआरएल के निदेशक नथानिएल रेमंड के हवाले से बताया, यह एक बड़ा नेटवर्क है, जिसे स्पष्ट रूप से यूक्रेनी बच्चों को रूसी बनाने के लिए बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा, यह यूक्रेन के बच्चों को फिर से शिक्षित करने, उनका ब्रेनवॉश करने और उन्हें सैनिक बनाने की एक योजना है। पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट बता दें कि 2023 में एक जांच के बाद, इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूस की चिल्ड्रेन कमिश्नर मारिया ल्वोवा-बेलोवा पर यूक्रेन से बच्चों के सामूहिक अपहरण का आरोप लगाया था। जांच के बाद, पुतिन के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया।

## कैनेडी के खिलाफ गवाही देंगी सीडीसी की बर्खास्त प्रमुख, बिना सबूत वैक्सीन को मंजूरी देने का आरोप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की बर्खास्त निदेशक सुजैन मोनारेज सीनेट के सामने गवाही देंगी। इस गवाही में मोनोरेज सीनेटरों को बताएंगी कि स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने उन पर वैज्ञानिक प्रमाण देखे बिना नई वैक्सीन सिफारिशों का समर्थन करने का दबाव डाला था। सीनेट के सामने यह सुनवाई बुधवार को होगी। गवाही की प्रति मीडिया में लीक हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोनोरेज गवाही में ये भी बताएंगी कि कैनेडी ने उन्हें अल्टीमेटम दिया था या तो वे वैक्सीन को मंजूरी दें या फिर उन्हें बर्खास्त कर दिया जाएगा। मोनोरेज ने कहा कि वैक्सीन की सुरक्षा पर संदेह भी है।

**सीनेट की स्वास्थ्य समिति के सामने पेश होंगी मोनोरेज :**



गौरतलब है कि मोनोरेज को कैनेडी ने ही सीडीसी प्रमुख के रूप में चुना था, जिन्हें बाद में ट्रंप ने नामित किया। हालांकि उनके पद ग्रहण करने के कुछ ही हफ्तों बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। अपनी बर्खास्तगी को लेकर मोनोरेज सीनेट की स्वास्थ्य समिति के सामने पेश होंगी। गवाही की प्रति के अनुसार, मोनारेज सीनेटरों के सामने अपनी शुरुआती गवाही में कहेंगी, दबाव में भी, मैं सबूतों की जगह विचारधारा नहीं ला सकती थी या अपनी ईमानदारी से समझौता नहीं कर सकती थी। टीकाकरण नीति विश्वसनीय आंकड़ों से चलनी चाहिए, न कि पूर्व निर्धारित परिणामों से।

**जनता के लिए वैक्सीन की सिफारिश करती है सीडीसी :** मोनारेज ने यह भी दावा किया कि कैनेडी ने उन्हें बिना किसी कारण के सीडीसी के कई उच्च पदस्थ अधिकारियों को नौकरी से निकालने का निर्देश दिया था। सीडीसी अमेरिका की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी है, जो जनता को टीकों की सिफारिशें करने के लिए जिम्मेदार है। सीनेट की सुनवाई वैक्सीन के बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर केंद्रित होगी। मोनारेज के अलावा पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डेबरा होउरी, भी समिति के सामने गवाही देंगी।

**स्वास्थ्य मंत्री ने आरोपों को खारिज किया :** वहीं स्वास्थ्य मंत्री कैनेडी ने मोनारेज के उन आरोपों का खंडन किया है। हालांकि, उन्होंने इस महीने की शुरुआत में सीनेट की एक सुनवाई के दौरान स्वीकार किया था कि उन्होंने मोनारेज को सीडीसी के कई शीर्ष अधिकारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया था। सीनेट की यह सुनवाई अटलांटा में वैक्सीन पैनल के दो दिवसीय सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले हो रही है।

## फिलिस्तीन पर हफ्ते भर में जापान का यू-टर्न? मान्यता देने पर अब क्यों कर रहा अगर-मगर, संयुक्त राष्ट्र में भी किनारा

**टोक्यो, एजेंसी।** अमेरिका के मित्र देश जापान ने युद्धग्रस्त फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता नहीं देने का फैसला किया है। जापानी अखबार असाही की रिपोर्ट के अनुसार, जापान अमेरिका के साथ संबंधों को देखते हुए फ़िलिस्तीनी राज्य को मान्यता नहीं देने का फैसला किया है। अखबार ने सरकारी सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि जापान फिलहाल फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता नहीं देगा। ऐसा संभवतः अमेरिका के साथ संबंध बनाए रखने और इजरायल के सख्त रवैये से बचने के लिए किया जा रहा है।

ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित कई सरकारों ने कहा है कि वे इस महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा



में फ़िलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देंगे, जिससे इस क्षेत्र में इजरायल की गतिविधियों को लेकर उस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ गया है। भारत पहले ही फिलिस्तीन को यह दर्जा दे चुका है और संयुक्त राष्ट्र में मौजूदा प्रस्ताव का समर्थन किया है। असाही ने अपनी रिपोर्ट में ये भी कहा है कि जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की बैठक के दौरान इज़रायल और फ़िलिस्तीनियों के बीच द्वि-राज्य समाधान (टू स्टेट सॉल्युशन) पर होने वाली बैठक में शामिल नहीं होंगे।

**अमेरिका ने किया था मान मनौव्वल :** क्योदो समाचार एजेंसी ने पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में बताया था कि अमेरिका ने कई राजनयिक माध्यमों से जापान को फ़िलिस्तीनी राज्य को मान्यता नहीं देने के लिए मान मनौव्वल किया था, जबकि फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने अपने जापानी समकक्ष से इसे मान्यता देने का पुरजोर आग्रह किया था। हालांकि, जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया ने मंगलवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि जापान फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने के मुद्दे पर, उचित समय और तौर-तरीकों सहित, एक व्यापक मूल्यांकन कर रहा है।

**हफ्ते भर में रुख में बदलाव :** शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र की एक बैठक में, जापान उन 142 देशों में शामिल था जिन्होंने द्वि-राज्य समाधान की दिशा में ठोस, समयबद्ध और अपरिवर्तनीय कदमों की रूपरेखा वाले एक घोषणापत्र के पक्ष में मतदान किया था। अब हफ्ते भर के अंदर जापान का रुख बदलता नजर आ रहा है। हालांकि, सात देशों के समूह में, जर्मन और इतालवी अधिकारियों ने फिलिस्तीन को तत्काल मान्यता देने को प्रतिकूल बताया था।

## भीषण होगी रूस-यूक्रेन की जंग, भारी हथियार भेजने जा रहा अमेरिका, ट्रंप ने यूरोपीय देशों से लिए पैसे



**कीव, एजेंसी।** अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार सहायता भेजने के लिए अपने पहले पैकेज को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार, यह पैकेज जल्द ही कीव को भेजा जा सकता है। खास बात यह है कि इस बार हथियारों की आपूर्ति एक नए वित्तीय समझौते के तहत होगी, जिसमें अमेरिका के साथ नाटो के सहयोगी देश भी शामिल हैं। यह पहली बार है जब अमेरिका और उसके सहयोगियों ने 'प्राथमिकता प्राप्त यूक्रेन आवश्यकताओं की सूची' नामक नई प्रणाली का उपयोग किया है। इसके तहत नाटो देशों के फंड से अमेरिकी हथियार भंडार से यूक्रेन को सैन्य सहायता दी जाएगी। रक्षा नीति के लिए अंडरसेक्रेटरी एल्ब्रिज कोल्बी ने इस योजना के अंतर्गत करीब 500-500 मिलियन डॉलर मूल्य के दो शिपमेंट्स को मंजूरी दी है। यानी इस बार अमेरिका केवल अपने पैसों से यूक्रेन को हथियार नहीं भेज रहा है बल्कि ट्रंप सरकार ने नाटों देशों से खूब पैसे लिए हैं। समाचार एजेंसी रायटर्स ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि, इस व्यवस्था के जरिए अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगी लगभग 10 अरब डॉलर तक के हथियार यूक्रेन को मुहैया कराने की तैयारी कर रहे हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस के लगातार हमलों से नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। ट्रंप ने कई बार संघर्ष को बातचीत के जरिए खत्म करने की इच्छा जताई है, लेकिन अब तक उनके प्रयास सफल नहीं हो पाए हैं। अब तक ट्रंप प्रशासन ने या तो हथियारों की बिक्री की थी या फिर उन गिफ्ट में दिए शिपमेंट्स को भेजा था जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंजूरी दी थी। बाइडेन यूक्रेन के प्रबल समर्थक माने जाते रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि यूरोपीय देशों ने जिन हथियारों की खरीद को मंजूरी दी है, उनमें एयर डिफेंस सिस्टम भी शामिल हैं। रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में भारी बढ़ोतरी के कारण यूक्रेन के लिए ये सिस्टम बेहद आवश्यक हैं। इसके अलावा इंटरसेप्टर्स, रॉकेट्स और आर्टिलरी जैसे हथियार भी इस सूची का हिस्सा बताए जा रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, यह वही सामान है जिसकी मांग यूक्रेन लगातार कर रहा था। बड़ी मात्रा में सामग्री भेजी जा रही है। इसी ने अब तक यूक्रेनी मोर्चों को स्थिर बनाए रखने में मदद की है। फिलहाल पेंटागन ने इस पर आधिकारिक टिप्पणी करने से इनकार किया है।

## पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो दूसरी बार अस्पताल में भर्ती, तख्तापलट मामले में सजा के बाद बिगड़ी तबीयत

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को दूसरी बार अस्पताल ले जाया गया। पिछले हफ्ते तख्तापलट की कोशिश के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई। उनके बेटे ने बताया कि इस बार उन्हें उल्टियां और लो ब्लड प्रेशर की शिकायत हुई। दक्षिणपंथी राजनेता बोल्सोनारो को रविवार को भी राजधानी ब्रासीलिया के उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब उनकी त्वचा पर घाव पाए गए थे। तब डॉक्टरों ने कहा था कि जांच में पता चला है कि उन्हें आयरन की कमी से एनीमिया है और हाल ही में हुए निमोनिया के लक्षण भी मिले थे।

**हिचकियां, उल्टी और लो ब्लड प्रेशर की हुई समस्या :** मंगलवार को बोल्सोनारो को तेज हिचकियां, उल्टी और लो ब्लड प्रेशर की समस्या हुई, जिसके बाद



पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई। उनके बेटे सीनेटर फ्लेवियो बोल्सोनारो ने एक्स पर पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी।

**पैनल ने 27 साल और तीन महीने की सुनाई है सजा :** बीते बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के एक पैनल ने बोल्सोनारो को वर्तमान राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा से 2022 में चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए अवैध रूप से तख्तापलट की कोशिश का दोषी पाया था। पैनल ने बोल्सोनारो को 27 साल और तीन महीने की सजा सुनाई। हालांकि, इस सजा के तहत बोल्सोनारो को तुरंत जेल नहीं भेजा जाएगा। अदालत को फैसले की पूरी कॉपी जारी करने में 60 दिन तक का समय लगेगा और इसके बाद बोल्सोनारो के वकीलों को अपील के लिए 5 दिन का समय मिलेगा।

**बोल्सोनारो ने सभी आरोपों को खारिज किया :** हालांकि, बोल्सोनारो ने सभी आरोपों को खारिज किया है और खुद को राजनीतिक प्रताड़ना का शिकार बताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी उनका समर्थन किया और मुकदमे को विच हंट बताया। इससे पहले, ट्रंप ने जुलाई में ब्राजील से आने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया था, जिसमें बोल्सोनारो का मामला भी एक वजह बताया गया।

**अगस्त की शुरुआत से ही घर में नजरबंद हैं बोल्सोनारो :** 70 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति अगस्त की शुरुआत से ही इस मामले में अपने घर में नजरबंद हैं। मामले की निगरानी कर रहे न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ने कहा था कि बोल्सोनारो ने मुकदमे से जुड़े नियमों का उल्लंघन किया है। इसके चलते उन्हें इलेक्ट्रॉनिक एंकल मॉनिटर पहनना पड़ा और उनके घर से निकलने वाले वाहनों की तलाशी और बाहर की निगरानी का आदेश भी दिया गया।

**2018 में चाकू लगने के बाद कई बार अस्पताल में भर्ती हो चुके बोल्सोनारो :** जेयर बोल्सोनारो को 2018 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक चुनावी कार्यक्रम में चाकू मार दिया गया था, जिसके बाद से वह कई बार अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। इसी साल अप्रैल में उनकी आंतों में रुकावट की सर्जरी हुई थी। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि बोल्सोनारो की खराब सेहत को देखते हुए उनके वकील जेल की बजाय घर में नजरबंदी की सजा बनाए रखने की मांग कर सकते हैं।

# एशिया कप में आज भारतीय टीम का मुकाबला ओमान से होगा

**अबू धाबी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम लीग मैच में ओमान के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने अभी तक अपने दोनो मैच आसानी से जीतकर ग्रुप ए से सबसे पहले सुपर फोर में जगह बनायी है। इससे अब ये मैच भारतीय टीम के लिए औपचारिकता भर रह गया है। ऐसे में वह मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मैच में आराम दे सकती है। बुमराह की जगह अर्शदीप सिंह हो अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम ने पहले मैच में यूएई वहीं दूसरे मैच में पाकिस्तान को एकतरफा मुकाबले में हराया था। जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम ओमान के खिलाफ पहले मुकाबले से सुपर फोर के लिए अभ्यास करना चाहेगी। उसका लक्ष्य पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी करना रहेगा।

अब तक के मुकाबलों में भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरूप तेज़ शुरुआत की है पर उनके जोड़ीदार शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था पर वह चाहेंगे कि युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले।

भारतीय टीम को अब अगले एक सप्ताह में फाइनल सहित चार मैच खेलने हैं। इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ अवसर देना चाहेगा। अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी समाप्त होना तय है क्योंकि ओमान टीम भारतीय गेंदबाजों का शायद ही सामना कर पाये। पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ भी ओमान की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही। दो मैचों में एक भी बल्लेबाज़ 30 से अधिक रन नहीं बना पाया। हम्माद मिर्जा ने पाकिस्तान के खिलाफ 27 रन जबकि आर्यन बिष्ट ने यूएई के खिलाफ 32 गेंदों पर 24 रन बनाए जो इन मैच में उसकी तरफ से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।



भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इस मैच में बुमराह को आराम दे सकते हैं। वह भी अगर वह ऐसा करना चाहें। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद बुमराह ब्रेक लेना चाहेंगे ये तय नहीं है पर अगर वह लेते हैं तो इससे टीम को अर्शदीप को आजमाने का अवसर मिल जाएगा।

वहींटीम प्रबंधन इस मैच में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव में से किसी एक को आराम देकर हर्षित राणा को भी अवसर दे सकता है। इस मैच में बल्लेबाजी क्रम में भी थोड़ा बदलाव हो सकता है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर अब तक नहीं खेला है जिससे उसे लय हासिल करने समय लग सकता है। वहीं ओमान की टीम इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों के साथ खेलकर अनुभवी हासिल करना चाहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत** = सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**ओमान** = जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्जा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

# विश्व चैंपियनशिप फाइनल में नीरज असफल रहे, सचिन यादव ने चौथा स्थान हासिल किया



**टोक्यो (एजेंसी)।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप फाइनल में असफल रहे और आठवें स्थान पर रहे। वहीं भारत के ही सचिन यादव ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। इस टूर्नामेंट में कोई भी अन्य भारतीय एथलीट एथलीट 90 मीटर से आगे नहीं बढ़ पाया, चोपड़ा पांचवें और अंतिम दौर के बाद 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ बाहर हो गए।

वहीं सचिन ने 86.27 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो पहले ही प्रयास में किया। ये उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था और उन्होंने नीरज ही नहीं बल्कि जर्मनी के जूलियन वेबर (86.11 मीटर) और ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम (82.75 मीटर) को भी पीछे छोड़ दिया। स्पर्धा का स्वर्ण पदक त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने (88.16 मीटर) भाल फेंककर जीता। वहीं ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 87.38 मीटर और कर्टिस थॉम्पसन ने 86.67 मीटर के साथ ही दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं पाकिस्तान के अरशद नदीम भी चौथे दौर में ही बाहर हो गये। चोपड़ा ने 83.65 मीटर से शुरुआत की जिससे वह पांचवें स्थान पर रहे और 84.03 मीटर के साथ इसमें सुधार किया लेकिन तीसरे थ्रो में फाउल कर बैठे।

# पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को एक नया झटका लगा है क्योंकि अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर पाकिस्तान की एशिया कप जर्सी को लेकर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर अतीक-उज-जमान ने पीसीबी अध्यक्ष पर मेन इन ग्रीन के लिए घटिया जर्सी को मंजूरी देने का आरोप लगाया है।

अतीक-उज-जमान ने ट्विटर पर लिखा कि PCB द्वारा ड्राई-फिट किट देने का वादा करने के बावजूद पाकिस्तानी खिलाड़ी अपने मैचों के दौरान खूब पसीना बहा रहे थे। उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों की तुलना दूसरी टीमों से भी की, जिनकी शर्ट पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के कारण पसीने की एक बूंद भी नहीं थी। पूर्व क्रिकेटर ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'पाकिस्तानी खिलाड़ी घटिया किट पहनकर पसीना बहा रहे हैं जबकि दूसरे खिलाड़ी सही ड्राई-फिट किट पहनते हैं। ऐसा तब होता है जब टेंडर पेशेवरों को नहीं, बल्कि दोस्तों को मिलते हैं। पसीने से ज्यादा भ्रष्टाचार टपक रहा है।'



गौर हो कि अतीक-उज-जमान 2000 में पाकिस्तान के लिए एक टेस्ट मैच और तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।उनका घरेलू करियर काफी लंबा रहा जिसमें उन्होंने पाकिस्तान कस्टम्स, हबीब बैंक लिमिटेड, कराची ब्लूज़, कराची व्हाइट्स, खान रिसर्च लैबोरेटरीज जैसी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। अतीक-उज-जमान ने कोचिंग की ओर रुख किया और फरवरी 2023 तक उन्हें जर्मनी की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। उन्होंने लंकाशायर के सेंट एन्स क्रिकेट क्लब के लिए इंग्लैंड में क्लब क्रिकेट भी खेला।

# ध्रुव जुरेल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ठोका नाबाद शतक, 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से बनाए 130 से ज्यादा रन

**लखनऊ (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के नाबाद 113 रनों की बदौलत भारत 'ए' ने गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चार विकेट पर 403 रन बनाए। जुरेल के 132 गेंदों में खेली गई पारी (10 चौके और 4 छक्के) के अलावा भारत को कल के बल्लेबाज एन जगदीशन (64), बी साई सुदर्शन (73) के अर्धशतकों और देवदत्त पडिक्कल के नाबाद 86 रनों से भी मजबूती मिली। हालांकि श्रेयस अय्यर (8) अपनी छाप नहीं छोड़ पाए।

भारत 'ए' 129 रनों से पिछड़ रहा था और मुकाबला ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था। इससे पहले सैम कोंस्टास (109) के तेज शतक और जोश फिलिप के नाबाद 123 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने 6 विकेट पर 532 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। दोनों टीमें 23-26 सितंबर तक इकाना स्टेडियम में दूसरे चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट के लिए आमने-सामने होंगी, जिसके बाद वे तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए कानपुर रवाना होंगी।



दिन का खेल भारत ए के एक विकेट पर 116 रन से आगे खेलने के साथ शुरू हुआ। जगदीशन और सुदर्शन की कल की जोड़ी ने साझेदारी बनाने की कोशिश की, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। जगदीशन, जिन्हें पिछले महीने इंग्लैंड में टेस्ट टीम में शामिल किया गया था, 113 गेंदों पर 64 रन (7 चौके, 1 छक्का) बनाकर जेवियर बार्टलेट की गेंद पर फिलिप के हाथों कैच आउट हुए।

मेजबान टीम ने सुदर्शन और पडिक्कल की जोड़ी के साथ 76 रनों की साझेदारी करके पारी को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया। ज्यादातर रन तमिलनाडु के बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन ने बनाए जिन्होंने इंग्लैंड में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था, लेकिन पारी के 59वें ओवर में कॉनॉली ने उन्हें पगबाधा आउट कर दिया। भारत ए के कप्तान अय्यर के पास हाल ही में राष्ट्रीय टीम से मिली अनदेखी और अगले महीने की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन होने के बाद अपनी बात साबित करने का एक अच्छा मौका था। अय्यर 62वें ओवर में सिर्फ 8 रन बनाकर वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर कोरी रोचिचियोली का शिकार बन गए, जिससे भारत ए को थोड़ी परेशानी हुई। यहीं पर जुरेल और पडिक्कल ने मिलकर पारी को संभाला और स्टंप तक दोनों एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। जुरेल और पडिक्कल की पांचवें विकेट के लिए नाबाद 181 रनों की साझेदारी ने भारत ए को खेल खत्म होने तक बढ़त दिला दी, क्योंकि उन्होंने लगभग 4 ओवर प्रति ओवर की अच्छी रन रेट से रन बनाए। पडिक्कल 178 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से नाबाद 86 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे।

# सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखा, चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

शेनझेन (चीन) ।भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग पर सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया। इस जीत के साथ विश्व बैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का मुकाबला कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। हाल में हांगकांग ओपन के पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू सीधे गेम में मिली जीत से खुश थीं और उन्होंने कहा कि वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैच के बाद भारतीय खिलाड़ी ने कहा, ''मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद ज़रूरी था। वह (चोचुवोंग) एक शीर्ष खिलाड़ी है। मैं इंडोनेशिया ओपन में उसके खिलाफ खेली थी और उस बार भी मुकाबला कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में ज़्यादा सतर्क थी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खुशी है कि मैं जीत हासिल करने में सफल रही।' उन्होंने कहा, 'मुझे अब कल के लिए तैयारी करनी होगी। यह अच्छी बात है कि अगर आप पहला गेम जीत जाते हैं तो दूसरे गेम में उसे खत्म कर देते हैं। सीधे गेम में जीत हमेशा आपको आत्मविश्वास देती है। लेकिन आपको लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि आप तेज़ी से आगे बढ़ें।'



# विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचना है लक्ष्य : मीराबाई चानू





अहमदाबाद ।ओलंपिक रजद पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू का लक्ष्य अब अक्टूबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचना है। चानू ने इसके लिए अभ्यास भी शुरु कर दिया है। पिछले कुछ समय से फिट नहीं होने के कारण वह खेल से दूर थीं। हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पेरिस ओलंपिक में खेली थीं। चानू ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। चानू अब अपनी तकनीक बेहतर बनाने में लगी हैं। जिससे वह स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें। चानू ने कहा कि वह राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पूरी ताकत नहीं लगाएंगी जो अगले साल ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों में से एक है। उन्होंने कहा, 'मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल हैं जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और पदक जीतना है क्योंकि मैंने अभी तक वहां कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया है। चानू के अलावा अन्य प्रतियोगियों से भी देश को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं।

# एशिया कप का बॉयकॉट करने से क्यों पीछे हटा पाकिस्तान? पीसीबी प्रमुख ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेलों में भी सियासत पीछे नहीं रही है। हाल ही में पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 में यूएई के खिलाफ मैच से पहले खूब ड्रॉमा किया। भारत के खिलाफ 14 सितंबर को हुए हैंडशेक विवाद के बाद पाकिस्तान लगातार आईसीसी से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की अपील कर रहा था। यूएई के खिलाफ मैच के दिन भी पाकिस्तान इस बात पर अड़ा रहा, हालांकि उनकी कोई मांग पूरी नहीं हुई और पाकिस्तान की टीम एक घंटे की देरी के साथ मैच खेलने मैदान पर पहुंची। इस दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी ने नजम सेठी और रमीज राजा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

नकवी ने कहा कि बहिष्कार एक बहुत बड़ा फैसला था और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अन्य प्रमुख सरकारी अधिकारियों के समर्थन के बाद, यह निर्णय लिया गया है कि टीम टूर्नामेंट में बनी रहेगी और यूएई के खिलाफ खेलेगी।

मोहसिन नकवी ने कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं, 14 सितंबर से एक संकट चल रहा है। हमें मैच रेफरी (एंडी पाइक्रॉफ्ट) की भूमिका पर आपत्ति थी। कुछ देर पहले ही मैच रेफरी ने टीम के कोच, कप्तान और मैनेजर से बात की थी। उन्होंने कहा कि यह घटना (हाथ न मिलाने की घटना) नहीं होनी चाहिए थी। हमने पहले भी आईसीसी से मैच के दौरान हुए आचार संहिता उल्लंघन की जांच कराने का अनुरोध किया था। हमारा मानना है कि राजनीति और खेल साथ-साथ नहीं चल सकते। यह खेल है, और इसे खेल ही रहने देना चाहिए। क्रिकेट को इन सबसे अलग होना चाहिए।



रमीज राजा ने कहा, यह एक गंभीर स्थिति बन गई थी जहां भावनाएं बहुत ज्यादा भड़क रही थीं। मुझे खुशी है कि हमने कोई भावनात्मक फैसला नहीं लिया जिससे क्रिकेट को नुकसान पहुंच सकता था। यह बहुत जरूरी था। अब इस क्रिकेट टीम को जो भी कहना चाहिए, उन्हें इस कहानी को आगे बढ़ाना चाहिए। आपने जो भी भावनाएं महसूस की हैं, उन्हें मैदान पर दिखाएं, दिखाएं कि हम कितने महान क्रिकेट राष्ट्र हैं। मेरी सबसे बड़ी आपत्ति मैच के बाद के प्रेजेंटेशन (भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव द्वारा) में कही गई बातों पर थी। वह संपादकीय ही सबसे महत्वपूर्ण बिंदु था।

अगर (मैच रेफरी की ओर से) माफी माँगी गई है और आई है, तो यह अच्छा है क्योंकि क्रिकेट को क्रिकेट ही रहना चाहिए, वरना इसका कोई अंत नहीं है। जैसा कि मोहसिन साहब ने कहा, जांच होगी ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। दिलचस्प बात यह है कि एंडी पाइक्रॉफ्ट भारत के पसंदीदा मैच रेफरी हैं। जब भी मैं कोई मैच करता हूं (कमेंटेटर के रूप में और टॉस के समय), मुझे लगता है कि पाइक्रॉफ्ट (भारत के मैचों में) एक स्थायी सदस्य हैं। वह 90 बार भारत के मैचों में मैच रेफरी रह चुके हैं। मुझे यह एकतरफा लगता है।

# नीदरलैंड के अनीश गिरि नें जीता फीडे ग्रांड स्विस कैंडिडैट में बनाई जगह



समरकंद, उज्बेकिस्तान ।फीडे ग्रांड स्विस 2025 में पुरुष वर्ग का खिताब नीदरलैंड के अनीश गिरि नें अपने नाम कर लिया है साथ ही उन्होने फीडे कैंडिडैट में अपना स्थान पक्का कर लिया है ।अनीश नें रोमांचक मुक़ाबले में यूएसए के नीमन हंस मोके को पराजित करते हुए 8 अंक बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया वहीं 7.5 अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर जर्मनी के माथियस ब्लूबम नें दूसरा स्थान हासिल किया और फीडे कैंडिडैट में जगह बना ली वहीं 7.5 अंक बनाने वाले फ्रांस के अलीरेजा तीसरे स्थान पर रहे पर कैंडिडैट में जगह बनाने से चूक गए ।भारतीय खिलाड़ियों में तीसरे बोर्ड पर भारत के अर्जुन एरीगैसी और जर्मनी के विंसनेट केमर के बीच , पांचवें बोर्ड पर निहाल सरीन और फ्रांस के मकसीम लागरेव के बीच और सातवें बोर्ड पर विदित गुजराती और यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा के बीच बाजी बेनतीजा रही और भारतीय खिलाड़ियों में से कोई भी इस बार कैंडिडैट में ग्रांड स्विस के जरिये जगह नहीं बना पाया ।अंक तालिका में 7 अंक बनाकर अर्जुन छठे निहाल नौवे और विदित 15वें स्थान पर रहे ।प्रज्ञानन्दा अपना आखिरी मैच ड्रॉ खेलकर 35वें स्थान पर रहे ।वहीं बेहद खराब लय से जूझने के बाद विश्व चैम्पियन डी गुकेश अपने आखिरी मैच में जीतकर 6 अंक बनाकर 41वें स्थान पर रहे ।पुरुष वर्ग में फीडे कैंडिडैट में अब तक यूएसए के फबियानों करूआना , अनीश और ब्लूबम पहुँच गए है जबकि तीन स्थान अगले माह भारत में होने जा रहे विश्व कप से , एक स्थान फीडे की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से और एक फीडे सर्किट 2025 के विजेता से भरा जाएगा ।

# गांगुली दूसरी बार बनेंगे कैब अध्यक्ष



कोलकाता ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का एक बार फिर बंगाल क्रिकेट बोर्ड (कैब) का अध्यक्ष बनना तय है। गांगुली कैब अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार है। ऐसे में उनका निर्विरोध चुना जाना तय है। वह दूसरी बार ये पद संभालेंगे। इससे पहले वह 2015 से 2019 तक इस पद पर रहे हैं। कैब के चुनाव 22 सितंबर को होने वाले हैं। इसमें गांगुली के साथ-साथ उनके पैनल के दूसरे सदस्यों का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। उनके पैनल में उपाध्यक्ष के लिए नितीश रंजन दत्ता, सेक्रेटरी के लिए बबलू कोले, जॉइंट सेक्रेटरी के लिए मदन घोष और कोषाध्यक्ष के लिए संजय दास का नाम शामिल है। गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली की कैब अध्यक्ष पद संभालेंगे। जो 2019 से इस पद पर थे। गांगुली 2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष भी रहे हैं। बीसीसीआई के आगामी चुनावों के लिए भी अध्यक्ष के तौर पर भी उनका नाम आ रहा है। इसका कारण है कि बंगाल बोर्ड ने उन्हें अपना प्रतिनिधि बनाया है।

# एशिया कप के ड्रामे के बीच एसीसी ने अधूरी वार्षिक आम बैठक फिर से बुलाई

दुबई : पिछले कुछ दिनों में दुबई और लाहौर में मैदान के अंदर और बाहर खेला गया एशिया कप का नाटकीय घटनाक्रम अब इस महीने के अंत में एशियाई क्रिकेट परिषद (ष्टष्ट) की बैठक के दौरान बोडर्रूम में स्थानांतरित हो सकता है। एसीसी की वार्षिक आम बैठक , जिसे कुछ महीने पहले ढाका में अचानक स्थगित कर दिया गया था, अब 30 सितंबर को दुबई में पुनर्निर्धारित की गई है। एशिया कप फाइनल के दो दिन बाद होने वाली इस बैठक में, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी करेंगे, जोरदार हंगामा होने की उम्मीद है - मौजूदा चैंपियनशिप से जुड़े मुद्दों और ढाका में 24 जुलाई को होने वाली बैठक में अधूरे रह गए कार्यों को लेकर। एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए हैं - हाथ मिलाने का विवाद, मैच रेफरी विवाद और पाकिस्तान के हटने की धमकी - जिन पर विचार-विमर्श किया जाना है। एक और विवाद भी छिड़ सकता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि एशिया कप कौन जीतता है, ट्रॉफी कौन प्रदान करता है, और समारोह का आयोजन कैसे होता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से कौन भाग लेगा, यह भी एक कारक हो सकता है। महिला वनडे विश्व कप उसी दिन गुवाहाटी में शुरू हो रहा है, और बीसीसीआई सदस्यों के उद्घाटन समारोह में व्यस्त रहने की उम्मीद है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि एसीसी बैठक में बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसे नामित किया जाता है। यह निर्णय दो दिन पहले, 28 सितंबर को मुंबई में बीसीसीआई की अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लिया जाएगा। वर्तमान में, राजीव शुक्ला और आशीष शेलार एसीसी में बीसीसीआई के नामित प्रतिनिधि हैं। दोनों ने ढाका बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया था। 30 सितंबर के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण विषय एसीसी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा।

# फीफा विश्व रैंकिंग: स्पेन 2014 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जून और जुलाई में पहले फीफा क्लब विश्व कप की शानदार सफलता के बाद एक अंतराल के बाद, पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता इस महीने की शुरुआत में अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में फीफा विश्व कप 26 क्वालीफायर की एक श्रृंखला के रूप में वैश्विक मंच पर धमाकेदार वापसी कर रही है।

फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग के अंतिम बार अपडेट होने के बाद से, दुनिया भर में 200 से ज्यादा प्रासंगिक राष्ट्रीय टीमों के मैच खेले जा चुके हैं, जिनका रैंकिंग पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। सबसे बड़ा बदलाव शीर्ष पर हुआ है, जहां यूईएफए यूरो 2024 विजेता स्पेन एक स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, यह एक ऐसा स्थान है जो उन्होंने जून 2014 के बाद से पुरुष वर्ग में हासिल नहीं किया था।

इस प्रक्रिया में उन्होंने लंबे समय से शीर्ष पर चल रहे अर्जेंटीना (तीसरे, 2 स्थान नीचे) को हटा दिया है, जो अप्रैल 2023 से इस स्थान पर था। मौजूदा विश्व चैंपियन को पछाड़ने में ऊंचे स्थान पर चल रहे स्पेन के साथ, वह टीम भी शामिल है जिसे अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 के फाइनल में हराया था, फ्रांस (दूसरे, 1 स्थान ऊपर)। थोड़ा और नीचे, पुर्तगाल, क्रोएशिया और इटली सभी एक स्थान ऊपर चढ़कर क्रमशः 5वें, 9वें और 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिससे ब्राजील (छठे, 1 स्थान नीचे) और जर्मनी (12वें, 3 स्थान नीचे) को हुए नुकसान का पूरा फायदा उठाया जा रहा है।

जर्मनी के लिए, फीफा विश्व कप 26 के अपने पहले क्वालीफायर में स्लोवाकिया से मिली हार से नुकसान हुआ है और अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार वे शीर्ष 10 से बाहर हैं। मोरक्को (11वें स्थान पर, 1 अंक ऊपर) अब शीर्ष 10 से बाहर पीछा करने वाली टीमों में सबसे आगे है, जिसने जुलाई में रैंकिंग के पिछले संस्करण के बाद से अपने नौ में से आठ मैचों में जीत हासिल की है। कुल मिलाकर सबसे ज्यादा चढ़कर स्लोवाकिया (42वें स्थान पर, 10 स्थान ऊपर) रहा है, जिसने अपने विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की शुरुआत लगातार दो जीतों से की थी - जिसमें जर्मनी को हराने वाली जीत भी शामिल है - और उसे शीर्ष 50 में वापस स्थान मिला है।

सभी टीमें कम से कम पांच स्थान ऊपर पहुंची हैं, गाम्बिया (115वें स्थान पर, 8 स्थान ऊपर), मेडागास्कर (108वें स्थान पर, 7 स्थान ऊपर), पैराग्वे (37वें स्थान पर, 6 स्थान ऊपर), युगांडा (82वें स्थान पर, 6 स्थान ऊपर), लीबिया (112वें स्थान पर, 5 स्थान ऊपर), सूरीनाम (131वें स्थान पर, 5 स्थान ऊपर) और फरो आइलैंड्स (136वें स्थान पर, 5 स्थान ऊपर) अन्य प्रमुख टीमें हैं।



फ़ीफ़ा विश्व कप 26 के सह-मेजबान कनाडा (26वें स्थान पर, 2 स्थान ऊपर) और यूईएफए के उभरते हुए कोसोवो (91वें स्थान पर, 4 स्थान ऊपर) ने भी दो और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। रैंकिंग के पिछले संस्करणों में सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल करने के बाद, दोनों टीमें लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं।

# आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर का आईपीओ: ₹393-414 प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय -

### :23 सितंबर को खुलेगा सब्सक्रिप्शन, ₹7.45 अरब जुटाने का लक्ष्य

**मुंबई/इंदौर**

भारत के एक प्रमुख फुल-सर्विस ब्रोकरेज हाउस आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर लिमिटेड ने अपने आगामी इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए ₹393 से ₹414 प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। यह द्धक्क 23 सितंबर, मंगलवार को खुलेगा और 25 सितंबर, गुरुवार को बंद होगा।कंपनी का लक्ष्य इस द्धक्क से ₹7.45 अरब तक की राशि जुटाना है, जिसका एक बड़ा हिस्सा (₹5.5 अरब) कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने में इस्तेमाल किया जाएगा।

निवेशक न्यूनतम 36 शेयरों के एक लॉट के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके बाद 36 के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकेगी।आनंद राठी तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ एक स्थापित ब्रांड है, जो खुदरा और संस्थागत ग्राहकों को ब्रोकिंग, मार्जिन ट्रेडिंग और विभिन्न वित्तीय उत्पाद प्रदान करता है।

कंपनी की सेवाएं शेयर, डेरिवेटिव्स, कमोडिटी और करेंसी मार्केट तक फैली हुई हैं।कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत दिख रही है। वित्तीय वर्ष 2023 से 2025 के बीच इसकी परिचालन आय 34.45त्न की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (ष्टत्रक्र) से बढ़कर ₹8,456.98 मिलियन हो गई है।

इसी अवधि में, टैक्स के बाद का मुनाफा 65.68त्न की ष्टत्रक्रके साथ ₹1,036.06 मिलियन तक पहुँच गया है।यह आईपीओ बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से होगा, जिसमें योग्य संस्थागत खरीदारों, गैर-संस्थागत बोलीदाताओं और खुदरा निवेशकों के लिए अलग-अलग कोटा निर्धारित किया गया है।

साथ ही, कर्मचारियों के लिए भी ₹100 मिलियन तक का आरक्षण हिस्सा शामिल है।



इस के आईपीओ बुक-रनिंग लीड मैनेजर नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स और आनंद राठी एडवाइजर्स हैं।

# सीजीएसटी की नई दरें अधिसूचित, 22 सितंबर से होंगी लागू

### नए ढांचे के तहत अनुसूची 1 की वस्तुओं पर 2.5 प्रतिशत केंद्रीय जीएसटी लगेगा

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) दरों की संशोधित सूची की अधिसूचना जारी कर दी है, जो 2017 से लागू मूल दरों की जगह लेगी। वित्त मंत्रालय ने यह अधिसूचना जारी की है, जो 22 सितंबर से लागू होगी। यह बदलाव 7 अनुसूचियों में किया गया है, जिनमें सीजीएसटी 2.5, 9, 20, 1.5, 0.125, 0.75 और 14 प्रतिशत की दर पर अधिसूचित है। गौरतलब है कि राज्य सरकारें इन्ही दरों पर राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) के लिए अलग से अधिसूचनाएं जारी करेंगी। नए ढांचे के तहत अनुसूची 1 की वस्तुओं पर 2.5 प्रतिशत केंद्रीय जीएसटी लगेगा, जिसका मतलब यह हुआ कि राज्य जीएसटी के साथ इन वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी होगा, क्योंकि दोनों सरकारें एक समान कर लेती हैं। इस अनुसूची में आवश्यक जिंस और प्राथमिक वस्तुएं शामिल हैं, जिनमें डेरी उत्पाद जैसे मिल्क पाउडर, दही, मक्खन, घी से लेकर पैकेज्ड खाद्यान्न और मोटे अनाज जैसे चावल, गेहूं और दलहन शामिल है। इनमें मसालों, चाय, कॉफी, मेवे, शहद, खाद्य तेल, दवाएं, उर्वरक, साबुन, टूथपेस्ट, धूपबत्ती, तथा नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला जैसे सौर पैनल, पवन चक्कियां व बायोगैस संयंत्र शामिल हैं। अनुसूची 2 पर 9 प्रतिशत सीजीएसटी (प्रभावी रूप से 18 प्रतिशत जीएसटी) लागू होगा। ऐसी वस्तुओं में औद्योगिक इनपुट, इंटरमीडिएट वस्तुएं, टेक्सटाइल्स और उपभोक्ता वस्तुएं हैं। अनुसूची 3 में शामिल वस्तुओं पर 20 प्रतिशत सीजीएसटी लागू किया गया है, जिससे ऐसी वस्तुओं पर कुल जीएसटी 40 प्रतिशत होगा। इस अनुसूची में लक्जरी और नुकसान पहुंचाने वाली वस्तुएं जैसे एरेटेड पेय और एनर्जी ड्रिंक, महंगी कारें और एसयूवी, एक निश्चित सीमा से अधिक इंजन क्षमता वाले हाइब्रिड वाहन, 350 सीसी से ज्यादा क्षमता वाली मोटरसाइकलें, व्यक्तिगत इस्तेमाल के विमान, याट, रिवॉल्वर व पिस्टल शामिल हैं। अनुसूची 4 पर 1.5 प्रतिशत सीजीएसटी (3 प्रतिशत जीएसटी) लगाया गया है, जिनमें मोती, सोना, चांदी और आभूषण शामिल है। अनुसूची 6 पर 0.75 प्रतिशत (1.5 प्रतिशत जीएसटी) लगाया गया है, जिसमें कुछ विशेष इनपुट्स शामिल हैं और अनुसूची 7 पर 14 प्रतिशत सीजीएसटी (28 प्रतिशत जीएसटी) लगाया गया है, जिसमें तंबाकू से जुड़े उत्पाद हैं।

# एचडीएफसी बैंक ने 1,000 से अधिक शिक्षकों को सिखाए सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के गुर

### साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान, शिक्षक बनेंगे डिजिटल सुरक्षा के प्रहरी

**मुंबई/इंदौर ।**

भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पूरे देश के 1,000 से अधिक शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के बारे में प्रशिक्षित किया है। एक वर्चुअल सत्र के माध्यम से, बैंक ने शिक्षकों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे वे खुद को और समाज को धोखेबाजों से बचा सकें।

इस सत्र में प्रतिभागियों को साइबर खतरों की पहचान करने के लिए वास्तविक जीवन के उदाहरणों, कहानियों और वीडियो का उपयोग करके प्रशिक्षित किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के घोटालों जैसे फ़िशिंग, विशिंग, स्मिशिंग, रिमोट डिवाइस एक्सेस और यूपीआई धोखाधड़ी पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अतिरिक्त, निवेश, नौकरी के प्रस्ताव और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे छद्म रूपों में होने वाली धोखाधड़ी से बचने के तरीकों पर भी चर्चा की गई।

एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष, श्री मनीष अग्रवाल ने इस पहल पर कहा, जागरूकता की कमी के कारण लोग अक्सर साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। इन सत्रों का उद्देश्य शिक्षकों को ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रूप से नेविगेट करने के लिए सही ज्ञान से लैस करना है। उन्होंने बताया कि ये शिक्षक अब समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बैंक ने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे अपनी संवेदनशील जानकारी कभी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर या **https://cybercrime.gov.in** पर दर्ज कराएं। यह पहल न केवल डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित बनाने में मदद करेगी बल्कि एक जागरूक डिजिटल समाज के निर्माण में भी सहायक होगी।

# यूरोपीय यूनियन ने कहा, व्यापार वार्ता में और प्रगति होगी

**नई दिल्ली**

यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा के एक अे धिकारी आयुक्त मारोश शेफचोविच ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि पिछले सप्ताह नई दिल्ली की उनकी यात्रा के दौरान व्यापार वार्ता में और प्रगति होगी क्योंकि व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दिसंबर की समय सीमा बेहद करीब है। शेफचोविच ने ब्रसेल्स में मी डिया से चर्चा के दौरान कहा` कि मैं पिछले सप्ताह भारत गया था। बातचीत को आगे बढ़ाने के प्रयास में यह इस साल भारत की मेरी तीसरी यात्रा थी। मैं भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री (पीयूष गोयल) के साथ लगातार संपर्क में हूं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वार्ताकार अपने कड़े रुख के लिए जाने जाते हैं लेकिन उन्होंने आश्वासन दिया कि ईयू अपने हितों को दृढ़ता से रक्षा करेगा। भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े निर्यात ठिकाने यूरोपीय संघ के साथ वार्ता को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्णय किया था क्योंकि अमेरिका के साथ तनाव बढ़ गया था और निर्यातक अमेरिका के साथ व्यापार समझौता न होने की स्थिति में माल को खपाने के लिए एक बड़े बाजार की तलाश में थे। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि दोनों पक्ष साल के अंत तक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया` कि अब साझा हितों पर आधारित साझेदारियों पर दोगुना प्रयास करने का समय आ गया है। अपनी नई यूरोपीय संघ-भारत



रणनीति के साथ हम अपने संबंधों को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच वाहन, कृषि, शराब, सेवाओं और गैर-शुल्क उपायों पर अब भी मतभेद बने हुए हैं क्योंकि भारत इन्हें संवेदनशील मानता है और अब भी इन पर बातचीत चल रही है।

# भारत का इआरडीएंडडी क्षेत्र 5 साल में 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा: नैसकॉम

**नई दिल्ली**

नैसकॉम की ईआरऐंडडी परिषद के एक प्रमुख अे धिकारी का कहना है कि भारत का इंजीनियरिंग शोध एवं विकास (ईआरएंडडी) क्षेत्र इस दशक के अंत तक करीब 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो पिछले वित्त वर्ष तक 56 अरब डॉलर था। यह क्षेत्र भारत के प्रौद्योगिकी उद्योग में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक रहा है, जिसमें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें ऑटोमोटिव, सेमीकंडक्टर, औद्योगिक, ऊर्जा एवं यूटिलिटीज, दूरसंचार, हेल्थकेयर, लाइफ साइंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। तुलनात्मक रूप से सबसे बड़ा उद्योग आईटी कमजोर वृहद आर्थिक परिवेश के कारण लगभग 4 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। कमजोर वृहद आर्थिक परिदृश्य की वजह से ग्राहकों के खर्च पर असर पड़ा है। पाटिल केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्याधिकारी भी हैं। उन्होंने बताया कि अगर आप गणना करें तो



तार्किक रूप से यह वृद्धि दर समान प्रतिशत के अनुरूप नहीं है। लेकिन अगले पांच वर्षों में सभी क्षेत्रों में ईआरऐंडडी पर कुल खर्च 10 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। बस फर्क इतना है कि आंकड़ों को देखकर उत्साहित न हों।

ये नए क्षेत्र और प्रौद्योगिकियां हैं और बिजनेस मॉडल और प्रतिस्पर्धा बहुत अलग हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धि की रफ्तार बढ़ाने के लिए कुछ बदलाव लाने की जरूरत होगी। पहला है एआई का औद्योगिक इस्तेमाल, जो अभी भी निवेशकों की उम्मीदों से कम है।

## एग्री जेनेटिक्स अपने निवेशकों को 1 के बदले 10 शेयर बांटेगी

**नई दिल्ली**

देश के सबसे बड़े सेक्टे टर यानी एग्रीकल्चे चर क्षेत्र में काम करने वाली महाराष्ट्र ट्र की कंपनी निर्माण एग्री जेनेटिक्से स लिमिटेड अपने निवेशकों को 1 शेयर के बदले 10 स्टे टॉक बांटने को लेकर विचार कर रही है। यह कंपनी हाइब्रिड बीज, कीटनाशक और बायो-ऑर्गेनिक प्रोडक्टे ट के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में काम कर रही है। कंपनी की निदेशक मंडल की बैठक 30 सितंबर को होगी। बैठक में बोनस शेयर (1 इक्विटी शेयर पर 10 बोनस शेयर तक), स्टॉक स्प्लिट और हाइड्रोपोनिक्स और एक्वापोनिक्स क्षेत्र में विस्तार जैसे प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। इन प्रस्तावों का उद्देश्य शेयरधारकों को अधिक लाभ देना, शेयर की बाजार क्षमता बढ़ाना और कंपनी के संचालन को आधुनिक कृषि तकनीकी रुझानों के अनुरूप लाना है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 10 रुपये फेस वैल्े यू वाले मौजूदा इक्विटी शेयरों को स्प्लिट कर 1:10 तक के अनुपात में अधिक संख्या में शेयर जारी करने पर विचार करेगा। इससे शेयर की तरलता बढ़ेगी और शेयरधारकों का आधार और बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## आईफोन 17 की बंपर बुकिंग, भारत में बना नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली** एप्पल की नई आईफोन 17 सीरीज ने भारत में बंपर बुकिंग के साथ नया रिकॉर्ड बना दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी डिमांड पिछले साल लॉन्च हुए आईफोन 16 की तुलना में 30-40 फीसदी अधिक है। खास बात यह है कि इस बार बेस मॉडल 256 जीबी स्टोरेज के साथ आया है, जो यूज़र्स को ज्यादा वैल्यू दे रहा है। डिस्काउंट ऑफर्स और नए कलर वेरिएंट्स ने भी ग्राहकों को आकर्षित किया है। आईफोन 17 प्रो और प्रो मैक्स के लिए खासकर कॉस्मिक ऑरेंज और डीप ब्लू मॉडल की जबरदस्त मांग है। हालांकि, इन वेरिएंट्स की सप्लाई सीमित होने के कारण ग्राहकों को डिलीवरी के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। एप्पल की आधिकारिक डिलीवरी 19 सितंबर से शुरू होगी।

## क्रेडिट कार्ड से किराया भुगतान पर रोक, आरबीआई का नया नियम

**नई दिल्ली** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लागू नए नियमों के तहत अब फिनटेकप्स डिट कार्ड से किराया भुगतान की सुविधा नहीं देंगी। आरबीआई के मुताबिक अब पेमेंट एग्रीगेटर सिर्फ उन्हीं व्यापारियों से लेन-देन कर सकते हैं जिनसे उनका सीधा अनुबंध हो और जिनकी केवाईसी पूरी हो चुकी हो। चूंकि अधिकांश मकान मालिक व्यापारी के रूप में पंजीकृत नहीं हैं, इसलिए ऐप्स के ज़रिए उन्हें भुगतान संभव नहीं होगा। इससे उन यूज़र्स को झटका लगेगा जो रिवॉर्ड पॉइंट्स और ब्याज-मुक्त अवधि के लिए क्रेडिट कार्ड से किराया भरते थे। बैंकों ने भी इस ट्रेंड पर चिंता जताई थी। एचडीएफसी ने शुल्क लगाया, जबकि आईसीआईसीआई और एसबीआई कार्ड ने रिवॉर्ड बंद कर दिए। अब किराया चुकाने के लिए यूज़र्स को सीधे बैंक ट्रांसफर यूपीआई या चेक का सहारा लेना होगा।

## मंगलम वर्ल्डवाइड ने एनएसई मेनबोर्ड पर किया स्थानांतरण

**नई दिल्ली** मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड, जो स्टेनलेस स्टील का निर्माण करती है, ने एनएसई के एसएमई मंच से मुख्य मेनबोर्ड पर स्थानांतरण कर लिया है। इस स्थानांतरण में 2,97,00,674 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपये है और जो पूरी तरह चुकता हैं। यह कदम एनएसई के नियमों के तहत किया गया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने इसे कंपनी के लिए एक गर्व की बात बताया। उन्होंने कहा कि यह स्थानांतरण कंपनी के व्यावसायिक सिद्धांतों, विकास रणनीति और दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर बाजार के विश्वास को दर्शाता है। इस बदलाव से मंगलम वर्ल्डवाइड को व्यापक निवेशक वर्ग तक पहुंच मिलेगी, जिससे कंपनी की स्थिरता और मूल्य सृजन की क्षमता मजबूत होगी।

## सोनी इंडिया ग्राहकों को देगी जीएसटी कट का लाभ

**नई दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की निर्माता सोनी इंडिया 22 सितंबर से प्रीमियम टीवी की कीमतों में करीब 8 प्रतिशत तक की कमी करेगी और जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएगी। सोनी इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि हम टीवी पर जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना चाहते हैं। प्रीमियम और सुपर प्रीमियम श्रेणी में हमारी कीमतें 7.8 प्रतिशत तक कम होंगी जिससे ये ग्राहकों के लिए काफी आकर्षक हो जाएंगी। वित्त वर्ष 26 के पहले पांच महीने में स्थिर बिक्री के बाद कंपनी प्रीमियम और सुपर प्रीमियम टीवी श्रेणी में 3 से 5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की उम्मीद कर रही है। इस महीने की शुरुआत में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि 32 इंच से बड़े टीवी पर जीएसटी दरें पहले की 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत होंगी। इस तरह 85 इंच वाले टीवी पर कीमतों में 70,000 रुपये तक, 75 इंच वाले टीवी पर 51,000 रुपये तक, 65 इंच वाले टीवी पर 40,000 रुपये तक तथा 55 इंच वाले टीवी पर 32,000 रुपये तक की कटौती होगी। उन्होंने कहा` कि हम प्रीमियम कीमत वाले ब्रांड हैं और पहले इसे वहन करना मुश्किल हो सकता था। लेकिन दरों में इस कटौती से ग्राहकों को दोनों तरह से ही अपग्रेड करने का मौका मिलेगा। वे बड़े आकार का स्क्रीन और बेहतर तकनीक खरीद सकेंगे। कंपनी के लिए टीवी प्रमुख लाभ वाला कारोबार बना हुआ है जिसकी कुल राजस्व में 55 से 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा, 'हम 55 इंच और इससे ऊपर वाली श्रेणी में 5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं जहां हम प्रमुख भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ त्योहारों की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

### सेंसेक्स 320 , निफ्टी 93 ऊपर आया

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त एशियाई बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320 अंक करीब 0.39 फीसदी बढ़कर 83,013.96 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 93.35 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी बढ़कर 25,423.60 पर बंद हुआ।

फार्मा शेयरों में तेजी के साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। जिससे बाजार उछला है। आज निफ्टी फार्मा इंडेक्स 1.50 फीसदी ऊपर आया। निफ्टी ऑटो 0.32 फीसदी, निफ्टी वित्तीया सेवा 0.51 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.38 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.32 फीसदी और निफ्टी निजी बैंक 0.44 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।निफ्टी पीएसयू बैंक 0.18 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.07 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.35 फीसदी और निफ्टी पीएसई 0.05 फीसदी टूटकर बंद हुआ।लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 224.65 अंक की तेजी के साथ 59,073.20 पर था और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 53.75 अंक बढ़कर 18,476.95 पर था।सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, एचयूएल, पावर ग्रिड, आईटीसी, पावर ग्रिड, आईटीसी, एक्सिस बैंक के शेयर ऊपर आये जबकि टाटा मोटर्स, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल और एसबीआई के शेयरों




में नुकसान हुआ।

इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक उछलकर 83,108 पर खुला। खुलते ही यह 83,141 अंक तक चढ़ गया।

सुबह खुलने के बाद यह 377.88 अंक की बढ़त लेकर 83,071.59 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी मजबूती के साथ 25,441 अंक पर खुला। सुबह खुलते ही यह 102.10 अंक की बढ़त के साथ 25,432 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में गुरुवार को मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर को घटाकर 4 प्रतिशत से 4.25 प्रतिशत के बीच कर दिया। अमेरिका बाजार में डॉव जोंस कुछ समय के लिए ऑल टाइम है पर पहुंचने के बाद भी 0.57 फीसदी की बढ़त के साथ 46,018.32 पर बंद हुआ। दूसरी तरफ, एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.10 फीसदी की गिरावट के साथ 6,600.35 पर और नैस्डैक कंपोजिट 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 22,261.33 पर बंद हुआ

# 2035 तक ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत होगी

### यह बयान वित्तीय सेवा विभाग में सचिव एम नागाराजू ने दिया

**मुंबई**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का दबदबा बढ़ता जा रहा है और 2035 तक ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 9 प्रतिशत होगी, जो कि 2024 में 6.5 प्रतिशत थी। यह बयान वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव एम नागाराजू ने दिया। दिल्ली में नेशनल बैंक फॉर फाइनेंशियल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (एनएबीएफआईडी) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर नागाराजू ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बीते चार सालों से औसत 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी, जो कि पिछली पांच तिमाही में सबसे अधिक है।नागाराजू के मुताबिक, हमारा एक्सटर्नल सेक्टर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और बीती तिमाही में चालू खाता घाटा जीडीपी का केवल 0.5 प्रतिशत रहा था। देश का शुद्ध सर्विसेज निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है और इन सभी मजबूत कारणों के चलते देश आजादी के 100 साल पूरे होने तक यानी 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सकता है।नागाराजू के अनुसार, यह व्यापक आर्थिक सफलता की कहानी हमारी इन्फ्रास्ट्रक्चर महत्वाकांक्षाओं के लिए एक ठोस आधार तैयार करती है। यह दुनिया को बताती है



कि भारत का विकास न केवल मजबूत है, बल्कि सुधारों और विवेकपूर्ण नीतियों से भी प्रेरित है, जो हमें वैश्विक विकास का एक प्रमुख इंजन और महामारी के बाद की वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को आकार देने में एक संभावित नेता बनाता है।


## उद्योग अब पहल करे: सीतारमण का निवेश और साझेदारी का आह्वान

**नई दिल्ली** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत से आह्वान किया है कि वह अब देश में निवेश बढ़ाने, उत्पादन क्षमता का विस्तार करने और युवाओं को कौशल प्रदान करने में सरकार का सक्रिय साझेदार बने। आईएफक्यूएम संगोष्ठी में बोलते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उद्योग जगत की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए व्यापार सुगमता, कर सुधार, एफडीआई में वृद्धि और उद्योग-हितैषी नीतियां लागू की हैं। अब समय आ गया है कि उद्योग अपनी जिम्मेदारी निभाए। सीतारमण ने कहा कि उद्योग जगत को केवल बजट से पहले सुझाव देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पूरे वर्ष सरकार के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि उद्योग युवा शक्ति को कौशलयुक्त बनाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करे, जिससे देश को दीर्घकालिक लाभ मिल सके। संगोष्ठी के दौरान टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने वित्त मंत्री से पूछा कि उद्योग को अब क्या करना चाहिए। जवाब में सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सुधारों को प्राथमिकता दी है और उद्योग की जरूरतों को महत्व दिया है। अब उद्योग जगत को हिचकिचाहट छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रशेखरन ने कहा कि सरकार ने घरेलू और वैश्विक बाजारों में अपार अवसर उपलब्ध कराए हैं और अब ज़रूरत है कि ज्यादा कंपनियां आगे आकर बड़े पैमाने पर निवेश करें।

## आरबीआई 5 से 7 साल में करेगा नियमों की समीक्षा

### – नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ या सेल (आरआरसी) 1 अक्टूबर से प्रभावी होगा

**नई दिल्ली** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और अन्य विनियमित संस्थाओं से संबंधित सभी नियम-कायदों की हर 5 से 7 साल में समीक्षा करने के लिए नियामकीय समीक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया है। केंद्रीय बैंक का




उद्देश्य बैंकों और उसके नियमन के दायरे में आने वाली अन्य संस्थाओं के मानदंडों की समीक्षा के लिए संस्थागत तंत्र को सुदृढ़ बनाना है। नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ या सेल (आरआरसी) 1 अक्टूबर से प्रभावी होगा। बैंकिंग नियामक ने ककि कि नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ का काम आरबीआई द्वारा जारी सभी नियमों की हर 5 से 7 वर्षों में व्यापक और व्यवस्थित तरीके से आंतरिक स्तर पर समीक्षा करना होगा।' नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ का गठन विनियमन विभाग के तहत किया जाएगा जो चरणबद्ध तरीके से नियमों की समीक्षा करेगा। इसके अलावा विनियमन पर एक स्वतंत्र सलाहकार समूह (एजीआर) का भी गठन किया गया है जिसमें आरबीआई से बाहर के विशेषज्ञ शामिल हैं। इसका उददेश्य समीक्षा प्रकोष्ठ के माध्यम से विनियमों की आवधिक समीक्षा में उद्योग की प्रतिक्रिया को शामिल करना है। इस छह सदस्यीय समूह का नेतृत्व भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक राणा आशुतोष कुमार सिंह करेंगे। सलाहकार समूह बनाने का उद्देश्य नियामक प्रक्रिया में हितधारक की भागीदारी को मजबूत करना और निरंतर आधार पर उद्योग की विशेषज्ञता का लाभ उठाना है।




## 07 नवंबर को दस्तक देगी सोनाक्षी की साउथ डेब्यू फिल्म जटाधरा

सिनेमा के प्रेमियों के लिए इस साल की आखिरी तिमाही काफी दिलचस्प होने वाली है। अक्तूबर से लेकर दिसंबर तक कई दिलचस्प फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। फिल्मों की इस सूची में सोनाक्षी सिन्हा की पहली साउथ फिल्म जटाधरा का नाम भी जुड़ गया है, जो इस साल नवंबर में रिलीज होगी। हिंदी और तेलुगु भाषा में होगी रिलीज मेकर्स ने आज फिल्म जटाधरा की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट के जरिए फिल्म का टीजर वीडियो साझा किया है। इसके साथ बताया है कि यह फिल्म 07 नवंबर 2025 को रिलीज होगी। फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में दस्तक देगी।

यह फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज की जाएगी। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। रिलीज डेट के साथ इसका कैप्शन लिखा है, अंधकार की गहराइयों के बाद एक उदय जरूर होता है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की जोड़ी देखने को मिलेगी, जिसके लिए दर्शक उत्साहित हैं। फिल्म में दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी और रोहित पाठक जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।

### दर्शकों ने जताई खुशी

फिल्म के निर्देशन की कमान अभिषेक जयसवाल और वेंकट कल्याण ने संभाली है। वहीं, उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा मिलकर इसका निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट के एलान पर दर्शक उत्साहित हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, इस जादुई फिल्म का इंतजार है। वहीं, कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।





# बॉलीवुड आउटसाइडर्स के लिए बिल्कुल बंद था मैं किसी तरह कामयाब हुई

प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड ही नहीं, अब हॉलीवुड में भी एक बड़ा नाम बन चुकी हैं। आज वो विदेशों में किसी फिल्मी इवेंट में जब पहुंचती हैं तो वहां के लोगों में उन्हें लेकर गजब की दीवागनी देखी जा सकती है। हालांकि, उनके लिए यहां तक पहुंचने का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। बतौर आउटसाइडर्स उन्होंने इस राह में जो कुछ झेला, उसकी कहानी उन्होंने सुनाई भी है। उन्होंने हाल ही में अपने स्ट्रगल की कहानी फिर सुनाई है और कहा है कि इस ने हाल ही में बताया कि पीढ़ी दर पीढ़ी एक्टर्स और फिल्म प्रड्यूसर्स के दबदबे वाली इंडस्ट्री में जगह बनाना कितना मुश्किल था। प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि इन्हीं अनुभवों ने उन्हें अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस शुरू करने के लिए प्रेरित किया। हाल ही में एक इवेंट में बोलते हुए प्रियंका ने कहा कि उन्होंने बॉलीवुड में एक आउट साइडर के रूप में अपने सफर पर बातें की। उन्होंने 2015 में पर्पल पेबल पिक्चर्स लॉन्च किया था। आउटसाइडर्स के लिए बिल्कुल बंद था बॉलीवुड में उन्होंने कैमरे के पीछे जाने का फैसला क्यों किया, इस बारे में बात करते हुए प्रियंका ने कहा, मैंने साल 2000 में ब्यूटी कॉन्टेस्ट जीता और इस तरह मुझे फिल्मों में आने का मौका मिला और मैं इसमें आगे बढ़ गई। और मैंने भारतीय फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। भारत में हिंदी और तमिल फिल्मों में... ये साल 2002 की बात है, लेकिन बॉलीवुड इंडस्ट्री एक तरह से... कम से कम आउटसाइडर्स के लिए बिल्कुल बंद था।

### मुझे असफल होना पसंद नहीं है

उन्होंने आगे कहा, एक्टर्स पीढ़ी दर पीढ़ी, निर्देशक पीढ़ी दर पीढ़ी और निर्माता भी ऐसे ही होते हैं। इसलिए जब आप इंडस्ट्री में कदम रखना चाहते हैं और कास्ट होना चाहते हैं तो ये आसान नहीं होता, लेकिन किसी तरह मैंने इसमें सफलता हासिल की। मैं काफी एम्बिशियस थी। मुझे असफल होना पसंद नहीं है।

### मैं लगातार कोशिश करती रही

उन्होंने कहा, मैं लगातार कोशिश करती रही। मैं किसी तरह कामयाब हुई। और फिर पर्पल पेबल पिक्चर्स मेरे लिए वो जगह बनाने का जरिया बन गया जो मेरे पास पहले कभी नहीं था। प्रियंका ने बताया कि उनका उद्देश्य उन फिल्ममेकर्स और लेखकों के लिए अवसर पैदा करना है, जिन्हें बड़े बजट की फिल्मों में मौका नहीं मिलता और उन छोटी फिल्मों को सपोर्ट करना है जिन्हें पहचान मिलनी चाहिए।

वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका जल्द ही एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी 29 के साथ भारतीय फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं।

### मैं दुनिया भर के एंटरटेनमेंट के लिए एक ऐसा माध्यम बनना चाहती थी...

प्रियंका ने कहा, मैं दुनिया भर के एंटरटेनमेंट के लिए एक ऐसा माध्यम बनना चाहती थी जिससे उन्हें वह प्रसिद्धि मिल सके जिसकी वे चाहत रखते हैं। मुझे उन फिल्मों पर बहुत गर्व है जिनसे हम जुड़े रहे हैं और जिन्हें हमने समय के साथ बनाया है। उन्हें शानदार प्रतिक्रिया मिली है और उन्होंने वह प्रसिद्धि पाई है जिसके वे हकदार थे।

# मैडम सपना हर महिला की कहानी है




सपना चौधरी के जीवन की कहानी जल्द ही बड़े परदे पर दिखेगी। इसे महेश भट्ट की गाइडेंस में विनय भारद्वाज लेकर आ रहे हैं। अपनी बायोपिक को लेकर सपना ने खास बातचीत की...

मुझे मुंबई से बहुत बड़े-बड़े प्रोडक्शन हाउस से ऑफर आ रहे थे। उन लोगों ने मुझे अपना प्वाइंट ऑफ व्यू बताया कि वो मेरे ऊपर किस तरह से फिल्म बनाना चाहते हैं। जब मैंने उन सबको सुना तो मुझे एहसास हुआ कि किसी को पैसे कमाने थे। कोई मेरी लाइफ में फिक्शन डालना चाहता था। मतलब सबका कोई ना कोई अपना मकसद था। ऐसे में मैंने विनय भारद्वाज को कॉल किया। आप मैंने उन्हें कॉल करके कहा कि भाई बायोपिक बनाएंगे? उन्होंने पूछा कि किसकी मुझे ऐसे ऑफर्स मिले हैं हैं तो उन्होंने कहा कि बायोपिक बनानी है? मैंने उन्हें बताया कि बिल्कुल बनाएंगे।

टीजर पर लोगों का बहुत पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला। मेरा कहना है कि ये सिर्फ डांसर की कहानी नहीं है। इस फिल्म को बिल्कुल भी ऐसे नहीं देखा जाना चाहिए। ये हर महिला की कहानी है। जो घर संभाला रही है, जो ऑफिस में काम कर रही है, जो डांस कर रही है या जो बच्चे संभाला रही है। इस फिल्म को हर महिला को देखनी चाहिए कि आप खुद को कैसे प्रोटेक्ट कर सकती हैं। नरभक्षी हर जगह हैं। आपके घर में, बाहर, ऑफिस में हर जगह मौजूद हैं। इस फिल्म में बताया गया है कि जब एक औरत लड़ती है तो किस हद तक जाती है। मैं और मेरी मां हम लड़े हैं, लड़ते आए हैं और लड़ते ही रहेंगे।

### बॉलीवुड में आपको कौन इंस्पायर करता हैं?

बॉलीवुड की तीन महिलाओं ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय। इनका काम मुझे प्रभावित करता है। इनके एक्सप्रेशन और डांस ने मुझे मोटिवेट किया है। मैं इन तीनों का काम देखते रहती हूं। इंटरनेशनल आर्टिस्ट में मुझे शकीरा बहुत पसंद हैं। इन सभी को देखकर मुझे अपनी कला को और निखारने की प्रेरणा मिलती है।




# शाहरुख को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई तुलना

## पुरस्कार विश्वसनीयता खो रहे हैं

अभिनेता मनोज बाजपेयी की दो हफ्तों में दो फिल्में रिलीज हुई हैं। एक ओर 'इंस्पेक्टर जेंडे' ओटीटी पर रिलीज हुई है। वहीं दूसरी ओर 'जुगनुमा-द फेबेल' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स ने काफी सराहा भी है। अब मनोज बाजपेयी ने शाहरुख खान को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर प्रतिक्रिया दी है। क्योंकि रेस में मनोज बाजपेयी भी 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के लिए थे।

शाहरुख खान के 'जवान' फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड जीतने पर छिड़ी बहस में कई लोगों का कहना था कि शाहरुख की जगह मनोज बाजपेयी 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के लिए नेशनल अवॉर्ड के हकदार थे। अब इस तरह की तुलनाओं पर मनोज बाजपेयी ने चुप्पी तोड़ी है। बातचीत के दौरान मनोज बाजपेयी ने इस पूरे मुद्दे पर कहा कि यह एक बेकार बातचीत है क्योंकि यह अब खत्म हो चुकी है। जहां तक 'सिर्फ एक बंदा काफी है' की बात है, तो हां यह मेरी फिल्मोग्राफी में एक बहुत ही खास फिल्म है और 'जोरम' भी। लेकिन मैं इन बातों पर चर्चा नहीं करता क्योंकि यह एक बहुत ही बेकार बातचीत है। यह अतीत की बात है और इसे यूं ही छोड़ देना चाहिए।

अभिनेता ने भारत में फिल्म पुरस्कारों के बदलते स्वरूप पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुरस्कारों समेत कई पुरस्कार व्यावसायिक आकर्षण के चक्कर में अपनी विश्वसनीयता खो रहे हैं। उन्हें गंभीरता से सोचना चाहिए कि वे कैसे काम कर रहे हैं। क्योंकि यह मेरे सम्मान की बात नहीं है। मैं फिल्म चुनते समय अपने सम्मान का बहुत ध्यान रखता हूं। लेकिन हर संस्था को अपने बारे में सोचना होता है। यह मेरा काम नहीं है। मुझे लगता है कि मेरे लिए अवॉर्ड फंक्शन का विचार गलत है। यह आपके घर की सजावट का एक छोटा सा हिस्सा है। हर रोज आप इसके सामने खड़े होकर यह नहीं कहेंगे, वाह, मैंने यह कर दिखाया।



### चार नेशनल अवॉर्ड जीत चुके हैं मनोज


इस साल शाहरुख खान को उनकी फिल्म 'जवान' के लिए उनके करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड मिला है। वहीं मनोज बाजपेयी अब तक चार बार राष्ट्रीय अवॉर्ड अपने खाते में कर चुके हैं। मनोज बाजपेयी को 'सत्या', 'पिंजर', 'अलीगढ़' और 'भोंसले' के लिए नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है।



# ओजी में दिखेगा इमरान हाशमी का जलवा

## साउथ फिल्मों में डेब्यू चुके हैं कई स्टार्स

बॉलीवुड के कई स्टार्स साउथ फिल्मों में भी अभिनय का तड़का लगा चुके हैं। कियारा आडवाणी से लेकर जान्हवी कपूर तक साउथ फिल्मों में अपना जलवा बिखेर चुकी हैं। वहीं अब इमरान हाशमी फिल्म दे कॉल हीम ओजी से अपना साउथ डेब्यू करने वाले हैं। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म दे कॉल हिम ओजी 25 सितंबर, 2025 को रिलीज होने वाली है। यह इमरान की पहली साउथ डेब्यू फिल्म है। इस फिल्म में पवन कल्याण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में पवन कल्याण और इमरान हाशमी के अलावा प्रियंका अरुल मोहन मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इमरान हाशमी विलेन की भूमिका में नजर आ सकत हैं। फिल्म में अर्जुन दास, श्रीया रेड्डी, हरीश उथमन, प्रकाश राज, शाम जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत थमन दे तैयार किया है।



### बॉबी देओल

फिल्म कंगुवा 2024 में रिलीज हुई थी। कंगुवा बॉबी देओल की पहली तमिल फिल्म थी। बॉबी देओल ने तमिल पीरियड एक्शन ड्रामा कंगुवा में नकारात्मक भूमिका निभाई थी। यह सूर्या की सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में से एक है। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। फिल्म में सूर्या दोहरी भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म में बॉबी और सूर्या के अलावा दिशा पटानी, नट्टी सुब्रमण्यम, केएस रविकुमार, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, कोवई सरला, रवि राघवेंद्र और करुणास ने भी अहम भूमिका निभाई हैं। इसके अलावा बॉबी साउथ एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं।

### कियारा आडवाणी



कियारा आडवाणी ने फिल्म भारत अने नेनु से साउथ में डेब्यू किया था। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कियारा के साथ साउथ एक्टर महेश बाबू ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के अलावा कियारा एक्टर राम चरण के साथ साउथ फिल्म गेम चेंजर में भी नजर आ चुकी हैं।



### जान्हवी कपूर

जान्हवी ने फिल्म देवरा – भाग 1 से साउथ की फिल्मों में डेब्यू किया। यह फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी। इस तेलुगु भाषा की एक्शन ड्रामा फिल्म को कोरटाला शिवा ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म में एनटी रामा राव जूनियर दोहरी भूमिकाओं में हैं। जूनियर एनटीआर और जान्हवी के अलावा फिल्म में सैफ अली खान, प्रकाश राज, श्रीकांत और शाइन टॉम चाको ने भी अहम भूमिका निभाई है। यह इस फिल्म का पहला भाग था। अब इस फिल्म का दूसरा भाग भी आएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in